# कोयलांचल संवाद

हिंदी दैनिक

रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024 | वर्ष : 12 अंक : 140 | www.koylanchalsamvad.com | रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news


सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# आजादी का बिगुल फूंकने वाले

## अमर शहीदों के झारखण्ड में

# श्री नरेन्द्र मोदी

### माननीय प्रधानमंत्री

## जी का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

## 2 अक्टूबर, 2024







सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 337911 (IPRD) 2024-25

## मोतिहारी के अरेराज में रिंग बांध टूटा:मनरेगा योजना से बनाया गया था, दर्जनों गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

मोतिहारी. नेपाल में लगातार बारिश के कारण मोतिहारी से गुजरने वाली सभी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे गंडक बराज से छोड़ा गया पानी अरेराज की गंडक नदी में उफान पर है। इस बढ़ते जलस्तर के कारण अरेराज प्रखंड के सेमरा पंचायत के लोकनाथपुर में मनरेगा द्वारा बनाए गए रिंग बांध का तीन फीट हिस्सा टूट गया। इसके परिणामस्वरूप लगभग आधा दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बांध पर काफी दबाव था, जिसे बचाने के लिए मुखिया देशबंधु सिंह और ग्रामीणों ने मिलकर हर संभव प्रयास किया, लेकिन बढ़ते पानी के दबाव से बांध टूट गया। एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण प्रभावित लोगों से ऊंची जगह पर शरण लेने की अपील की जा रही है। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में खाने-पीने और रहने की उचित व्यवस्था की गई है, साथ ही मेडिकल टीम भी तैनात की गई है ताकि किसी भी व्यक्ति को समय पर इलाज मिल सके।

## अज्ञात वाहन से टक्कर में घायल छात्र की मौत

जमुई. जमुई के बरहट थाना क्षेत्र के नुमर पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर में घायल बाइक सवार छात्र की पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मलयपुर चौहानगढ़ निवासी रामाश्रय सिंह का 18 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मोहित सोमवार की शाम अपने निजी काम को लेकर खादीग्राम की ओर जा रहा था। तभी मलयपुर -लक्ष्मीपुर मुख्य मार्ग के नुमर पुल से पहले मुंगेर की ओर से आ रहे हैं अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने बताया कि घायल को इलाज के लिए मलयपुर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल लाया गया था। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर होते देख उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। वहीं, पटना ले जाने के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। मृतक के पिता रामाश्रय सिंह ने बताया कि उसके तीन पुत्र है।

## नालंदा में करंट लगने से दो दोस्तों की मौत

नालंदा. नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में दो युवकों की करंट से मौत हो गई। मृतकों की पहचान हड़ौल गांव निवासी महेंद्र यादव के (25) वर्षीय पुत्र मौली कुमार और बुधौल गांव निवासी स्व. बसन्त साव के (23) वर्षीय पुत्र गौतम साव के रूप में हुई है। दोनों मित्र थे। दोनों युवक सोमवार की शाम शौच के लिए गांव के खेतों की ओर गए थे। जब लंबे समय तक वापस नहीं लौटे, तो चिंतित परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। दोनों मकई के खेत में बेहोश अवस्था में मिले। परिजन तत्काल उन्हें सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन खेत के मालिक पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि जमीन मालिक ने खेत के चारों ओर बिजली का तार बिछा रखा था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं दी गई थी। तार की चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हुई। खेत मालिक ने कहा कि जंगली सूअर और जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए खेत के चारों तरफ नंगा तार लगाया था। जिसमें रात में करंट रहता है। जिसके संपर्क में आने से यह हादसा हुआ है।

## नालंदा में मलबे में दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

नालंदा. नालंदा में जर्जर मकान की छत गिरने से मलबा में दबकर एक बुजुर्ग महिला की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र के उत्तरा गांव का है। मृतका की पहचान उत्तरा गांव निवासी चमेली देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के परिजन ने बताया कि अचानक मकान का छत भरभरा कर गिर गया। बुजुर्ग महिला घर में अकेली सोई हुई थी। वह मलबा के नीचे ही दब गई। जब तक छत के मलबे को हटाया जाता, तब तक बुजुर्ग महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। बता दें कि उस मकान में बुजुर्ग महिला अकेले रह रही थी। जबकि पूरा परिवार दूसरे घर में रह रहा था। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। इस मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मलबे से दबकर बुजुर्ग महिला की मौत की सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## सीपीआई कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में प्रदर्शन:शेखपुरा में एसडीएम का पुतला फूंका

शेखपुरा. शेखपुरा में मंगलवार को अनुमंडलाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा का सीपीआई कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक दिया। उनके खिलाफ जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की गई। सीपीआई कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ यह आंदोलन सीपीआई कार्यकर्ताओं ने चलाया है। इस आंदोलन के तहत आज पुतला दहन कार्यक्रम शेखपुरा शहर के चांदनी चौक, चेवाडा, अरियरी समेत सभी प्रखंड मुख्यालय पर किया। बड़ी संख्या में सीपीआई के लोग शामिल हुए। सीपीआई के जिला सचिव प्रभात कुमार पांडेय ने बताया कि 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर जिला के लोगों के अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं डीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच शेखपुरा एसडीएम द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ अपशब्दों और दुर्व्यवहार किया गया। जिसकी घोर निंदा करते हुए आज एसडीओ के खिलाफ शेखपुरा सीपीआई कार्यालय से जुलूस निकालते हुए चांदनी चौक तक पहुंची और उनका पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि शेखपुरा समेत जिले के सभी प्रखंडों में पुतला दहन किया गया।

## बाढ़ में स्मार्ट मीटर के खिलाफ एक दिवसीय धरना

पटना. पटना जिले के बाढ़ और अथमलगोला में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आरजेडी ने एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर बंद करने की मांग की। साथ ही बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना कार्यक्रम में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बाढ़ आरजेडी संगठन अध्यक्ष नमिता नीरज सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जा रहा है। लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेंगे। स्मार्ट मीटर का बिल बहुत अधिक आ रहा है। गरीब परिवार इसका भुगतान नहीं कर पाएंगे। इसके जरिए लोगों को ठगा जा रहा है। दिन भर घर से बाहर रहने पर भी बिल चालू रहता है। पॉकेट से जबरदस्ती पैसा निकाला जा रहा है। स्मार्ट मीटर के खिलाफ आरजेडी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। हमलोग सरकार की नीतियों को बेनकाब करेंगे।

## मेरे बेटे को जिंदा करो या अपने बाप को मारो:नहीं तो तुम्हारी मां-बहन को मार देंगे

औरंगाबाद. औरंगाबाद में 28 सितंबर को एक शख्स की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसकी पहचान लखन भुईंया के रूप में हुई। पुलिस ने मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। लखन भुईंयां की हत्या उसके नाबालिग बेटे ने कुल्हाड़ी से काटकर की थी। इस मर्डर के पीछे की कहानी अजीब है। घटना देव थाना क्षेत्र के देवा बीघा गांव की है। दरअसल, 25 सितंबर को गिरिजा भईंया के बेटे की मौत सांप के डसने से हो गई थी। गिरिजा ने लखन के घर से 100 मीटर दूरी पर अपने बेटे को दफन कर दिया। 28 सितंबर को गिरिजा अपने परिवार के साथ लखन के घर पहुंचा और आरोप लगाया कि लखन ने ही जादू टोना कर सांप को बेटे को डसने के लिए भेजा था। मिट्टी में दफन बेटे को जिंदा करने के लिए वो लखन पर दबाव बनाने लगा। लखन और उसके नाबालिग बेटे को लेकर गिरिजा और उसके लोग उसी जगह लेकर पहुंचते हैं , जहां उसके बेटे को दफनाया गया था। उसके बाद लखन पर गिरिजा दबाव बनाता है कि जादू टोना करके बेटे को जिंदा करो।

# बाढ़ पर माखौल बनाने वालों को बोलने का अधिकार नहीं:मंत्री लेसी सिंह ने कहा- लालू राज में लोगों को कहा जाता था, 'बाढ़ आया है मछली खाओ'

पटना. बाढ़ के मुद्दे पर विपक्ष की तरफ से उठाए जा रहे सवालों का मंत्री लेसी सिंह ने जवाब दिया है। जदयू कार्यालय में मंगलवार को उन्होंने कहा है कि तेजस्वी यादव को अपने कार्यकाल के कार्यों का जवाब देना चाहिए। उनके राज में उनके नेता कहते थे कि बाढ़ आया है, मछली खाओ। तब लोगों का माखौल उड़ाया जाता था। अब जब सरकार तत्पर है तो उन्हें सरकार के कार्यों पर बोलने का अधिकार नहीं है। दरअसल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राजद के सभी कार्यकर्ताओं को बाढ़ क्षेत्र में मुस्तैद रहने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि सरकार की तरफ से बस एरियल सर्वे के माध्यम से खानापूर्ति की जा रही है। लोगों की मदद राजद को ही करनी होगी। जवाब में मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि आज सरकार और पूरी सरकारी मिशनरी निदान में लगी हुई है। उनकी बातों में कोई सच्चाई नहीं है। लेसी सिंह ने कहा कि नेपाल से आने वाली पानी से लोग परेशान हैं। सीएम लगातार नजर बनाए हुए हैं। पानी आने से स्थिति थोड़ी बिगड़ी है। अब इसके समाधान में केंद्र और राज्य सरकारें जुटी हुई है।

### आंदोलन कर रहे हैं और नेता ही गायब हैं

वहीं राजद की तरफ से प्रीपेड मीटर के खिलाफ आंदोलन पर लेसी सिंह ने कहा कि यह विपक्ष का कैसा आंदोलन है कि विपक्ष के नेता ही गायब हैं। यह उनका किस तरह का आंदोलन है और जनता के मुद्दों को लेकर वो कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं। स्मार्ट मीटर की मॉनिटरिंग सीएम नीतीश कुमार खुद कर रहे हैं। यह निरंतर सुधार करने की चीज है।प्रीपेड मीटर को लेकर लोगों के भ्रम और शिकायतों को दूर किया जा रहा है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

### किसी के कह देने भर से सीएम नहीं हट जाएंगे

प्रशांत किशोर की तरफ से पार्टी बनाने के सवाल पर लेसी सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र है। यहां चुनाव लड़ने पर किसी की कोई रोक नहीं है। सभी को चुनाव लड़ने की आजादी है। प्रशांत किशोर की तरफ से नीतीश कुमार को हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब हटा देंगे तब बात करेंगे। किसी के कह देने से सीएम हट जाएंगे क्या। लेसी सिंह ने कहा कि यहां जनता मालिक होती है। जनता का भरोसा एनडीए पर है। किसी के कहने-सुनने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। लोकसभा में भी नीतीश कुमार के लिए तरह-तरह की बातें कही जा रही थी। जब नतीजा आ गया तब दिख गया कि लोगों का भरोसा नीतीश कुमार के ऊपर है।

## दरभंगा में कोसी कमला नदी उफनाई, चार पंचायतें जलमग्न: 41 गांव में घुसा बाढ़ का पानी, घर में खाना बनाने पर भी आफत



दरभंगा. दरभंगा में कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड से होकर गुजरने वाली कोसी और कमला बलान नदी में उफान है। कमला बलान नदी के पश्चिमी तटबंध से पूरब 4 पंचायतों के सभी गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। हजारों एकड़ में लगी धान की फसल बाढ़ के पानी में डूब गई है। चारों पंचायत के सभी गांव और सुघरईन पंचायत के भरैन मुशहरी व भिंडुआ पंचायत के गोबरष्ठी गांव के किनारे बसे सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। नदी के जलस्तर में वृद्धि की रफ्तार ऐसी है कि रविवार की शाम 6 बजे से सोमवार की दोपहर बाद 4 बजे तक 22 घंटे में नदी का जलस्तर साढ़े चार से पांच फीट बढ़ा है। इससे चारों पंचायत के 41 गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं।

### इन इलाकों के घरों में पानी घुंस गया

इटहर पंचायत के चौकीया, लक्ष्मीनिया, इटहर, इटहर पोखर, जिमराहा विसुनिया, समौरा। उसरी पंचायत के उसरी, हरिनाही, कोला,छोटकी और बड़की कोनिया, अरराही। सिमरटोका पंचायत के उजुआ का झाझा, कोला, छोटकी और बड़की कोनिया, अरराही, कोदरा, कुंज भवन, बढ़ा महादेव मठ, बुढ़िया सुकराती टोला। तिलकेश्वर पंचायत के बाघमोत्तर, न हो बहवा, सपही, बथौल, गोलमा सेक्का, करैन, तिलकपुर आदि गांवों में पानी घुस गया है।

### कई घरों में नहीं जले चूल्हे

बाढ़ प्रभावित गांवों में सैकड़ों परिवार खटिया पर बैठकर 22 घंटे से समय व्यतीत कर रहे हैं। सैकड़ों परिवार के घरों में पानी रहने की वजह से चूल्हे नहीं जले हैं। बघमोत्तर के कारी सदा, राम पुकार सदा, रामरतन सदा, प्रसादी सदा, बहाव के सुमन सदा, लखन सदा, आनंदी सदा बथैला के गणेश सदा, राजा राम सदा, छोटे लाल सदा ने बताया कि अचानक रात लगभग दो बजे घर में पानी घुस गया। आनन-फानन घर के सामान को बचाया। दिन में चूड़ा, चीनी और सत्तू खाकर रहे। रात में भी यही खाना पड़ेगा। कमोबेश सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में पीड़ित परिवारों के साथ यही स्थिति है। मुख्य सड़क कुशेश्वरस्थान फुलतोड़ा के किनारे बसे गांवों को छोड़कर बाढ़ प्रभावित सभी गांव का सड़क से संपर्क भंग हो गया है। लोग नाव के सहारे मुख्य मार्ग पर आते हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के 4815.69 हेक्टेयर में लगी खरीफ की फसल बाढ़ के पानी में डूब गई है। चारों पंचायत के विद्यालय भी प्रभावित हो गए हैं। बीईओ राम भरोसे चौधरी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी को चार पंचायतों के बाढ़ प्रभावित विद्यालय को बंद करने के लिए पत्र लिखा गया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में पुलिस गश्त कर रही है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 26 नाव चलाई जा रही

कुशेश्वरस्थान पूर्वी के सीओ गोपाल पासवान ने कहा कि तटबंध से पूरब चार पंचायत पूरी तरह बाढ़ से प्रभावित हो गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 26 नाव चलाई जा रही है। सुरक्षा को लेकर एनडीआरएफ की एक - यूनिट 30 सदस्यीय टीम पहुंची है। टीम बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक रहेगी। तेगच्छा, महादेव मठ, तिलकेश्वर, सपही बुढ़िया सुकराती, वधमोत्तर, कोला टोका उजुआ, अरराही, चौकीया, इटहर और लक्ष्मीनिया में सामुदायिक किचेन शुरू किया गया है।

## पान महादलित कोऑर्डिनेशन कमेटी के बैनर तले धरना



समस्तीपुर. समस्तीपुर में पान महादलित कॉर्डिनेशन कमेटी जिला इकाई के बैनर तले तांती ततमा समाज के लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सामने धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार पान महादलित कॉर्डिनेशन कमेटी के जिला संयोजक बीरेंद्र दास और संचालन दिनेश दास तांती ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के महासचिव डॉ.सूरज कुमार दास ने कहा कि अनुसूचित जाति पान, 1950 से ही अनुसूचित जाति की केन्द्रीय सूची में क्रमांक-18 पर सूचीबद्ध है। तांती ततवां के नाम से पुकारे जाने वाले समुदाय को संवैधानिक अधिकार से वंचित रखा गया है। जबकि ये मूल रूप से पान जाति का पर्यायवाची उपाधि है। दो दर्जन से अधिक आयोगों, शोध संस्थानों, विधानसभा और संसद के 33 संसदीय संयुक्त समितियों ने भी की है। उन्होंने कहा कि विधानमंडल या संसद में हमारे समाज का एक भी प्रतिनिधि नहीं होने के कारण हमारे समाज के साथ हमेशा भेदभाव कर अछूतों में अछूत पान समाज के साथ हमेशा भेदभाव कर अछूतों में अछूत पान समाज का उपाधि/पर्यायवाची तांती, ततवां को संवैधानिक अधिकार से वंचित रखा गया है। महादलित संघ के प्रदेश महासचिव डॉ.सूरज कुमार दास ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि धरना पूरे बिहार के 38 जिला मुख्यालय पर आयोजित की जा रही है। अगर सरकार धरना से संज्ञान नहीं लेती है, तो पूरे बिहार में चरणबद्ध आंदोलन की जाएगी। आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में नीतीश कुमार के सरकार को सत्ता से यह समाज बेदखल करेगी।

## गोपालगंज में पुलिस बोली-पिता ने मारा था थप्पड़, आहत होकर सुसाइड करने की आशंका

गोपालगंज. गोपालगंज के एक होटल में फांसी के फंदे से लटका एक किशोर का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक किशोर ने सुसाइड किया है क्योंकि उसके पिता ने गुस्से में उसे थप्पड़ मार दिया था। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघवा दुबौली स्थिति ब्लॉक मोड़ के पास की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान बिरजा राय के 16 वर्षीय बेटे अंकुश कुमार के रूप में की गई। बताया जाता है कि अंकुश अपने पिता के साथ मिलकर दिघवा दुबौली स्थित ब्लॉक मोड़ के पास एक होटल चलाता था। उससे ही परिवार का भरण पोषण होता है। चाचा गिरिजा राय ने बताया कि उसने सोमवार की देर शाम होटल का काम खत्म कर के साफ सफाई की। इसके बाद उसके पिता घर चले गए और वह दुकान पर ही रह गया। वह कभी कभी-कभी दुकान पर ही सो जाता था। इसलिए परिवार को लगा कि वह वहीं पर सो गया है।

दूधवाले ने सुबह लटकती देखी लाश बुधवार की सुबह दूध वाला पहुंचा और होटल के अंदर जाकर देखा तो उसका शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया। हालांकि परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले मोहल्ले में पड़ोसी से विवाद भी हुआ था, जिसकी वजह से उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई है। उसने शोर मचाई।

## जदयू किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष की ट्रेन से कटकर मौत:बक्सर में सुबह टहलने के दौरान हुआ हादसा, पूर्व मुखिया पति हैं मृतक



बक्सर. बक्सर जिले के पवनी कमरपुर हाल्ट के पास मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से जदयू जिला किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सह पवनी पंचायत के पूर्व मुखिया गिरिजा देवी के पति राम भजन सिंह कुशवाहा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने शव को ट्रैक के पास से उठाकर पवनी खेल मैदान में रखा। घटना की सूचना मुफस्सिल थाना को दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर गांव के बीडीसी सदस्य गांधी यादव ने बताया कि राम भजन सिंह कुशवाहा रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह टहलने गए थे। इसी दौरान वनी कमरपुर हाल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर उनकी मौत हो गई। घटना के कुछ देर बाद खेत घूमने जा रहे गांव के लोग ने शव को ट्रैक के पास देखा। उनका सिर ट्रैक पर और शरीर झाड़ी में था। जिसकी जानकारी मिलते ही वहां काफी संख्या में भीड़ जुट गयी। मृतक को लेकर आगे बताया कि वो 62 वर्षीय राम भजन सिंह कुशवाहा 10 साल पवनी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पंचायत में जल जीवन हरियाणी पर बेहतर काम किया। इसके लिए उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया था। इसके अलावा वो जदयू के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी थे। घटना को लेकर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि सूचना मिलने पर गस्ती टीम को भेजा गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गया में 9वीं का छात्र कट्टा लेकर पहुंचा स्कूल

गया. गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक स्कूल चेरकी के 9वीं क्लास का छात्र देसी कट्टा के साथ विद्यालय में पहुंच गया। इस बात की भनक जब उसके सहयोगियों को लगी तो उन्होंने इस बात की शिकायत स्कूल के टीचर से कर दी। इस बीच ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने छात्र से कट्टा छीन लिया और उसे स्कूल से भगा दिया। इस बात को लेकर स्कूल में हंगामा भी हुआ। इस बात की भनक पुलिस को भी लग गई। प्रत्यक्षदर्शी छात्रों का कहना है कि पहले वह अपनी कमर में कट्टा रखे हुए था। हैंड पंप पर वह पानी पीने गया तो वहां एक साथी छात्र को कट्टा दिखाते हुए रौब में बोला पहले हमें पानी पीने दो। यह बात सुनकर वह लड़का वहां से हट गया और वह अपने क्लास में चला आया। यही नहीं वह लड़का कट्टा लेकर क्लास में दोबारा आ गया और अपने बैग में कट्टे को रख रहा था। इसी बीच अन्य स्टूडेंट्स की नजर उसके कट्टे पर पड़ गई। यह देख छात्रों ने इसकी सूचना प्रिंसिपल और शिक्षकों को दी।

## भाई की हत्या, मरा या जिंदा सुबह देखने पहुंचा आरोपी:भीड़ जुटी तो करने लगा नाटक, ग्रामीणों से कहा- घर में भाई की लाश पड़ी है

समस्तीपुर. समस्तीपुर में जमीन के लिए अपने छोटे भाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भाई फरार हो गया। वारदात सोमवार रात को हुई। सुबह आरोपी देखने पहुंचा कि उसकी मौत हो गई या वो जिंदा है। लोग जुटे तो कहने लगा कि भाई की लाश घर में पड़ी हुई है, वो बेकसूर होने का नाटक करने लगा, लेकिन लोगों ने समझ लिया कि वो नाटक कर रहा है। लोगों ने आरोपी भाई को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मृतक स्व. उमा सिंह का बेटा मुकेश कुमार (22) है। जिसका अपने भाई विकास कुमार सिंह से जमीन विवाद था। विकास अपने हिस्से की जमीन बेच रहा था। मुकेश को जैसे ही ये बात पता चली वो हैदराबाद से तीन पहले समस्तीपुर आया था। घटना मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के उदा पट्टी वार्ड-9 मोहल्ले की है।

ग्रामीण बिरजू के अनुसार आरोपी भाई अपनी जमीन बेचकर मकान का निर्माण करा रहा था। जमीन बेचने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार विकास ने हत्या की बात स्वीकार ली है। ग्रामीण के अनुसार मुकेश के पिता और मां की मौत दो-तीन साल पहले हो चुकी है। विकास ने करीब दो कट्ठा जमीन बेच डाली और उस पैसे से मकान का निर्माण कर रहा था। इस बीच रविवार को मुकेश हैदराबाद से समस्तीपुर पहुंचा था। मुकेश की अभी शादी नहीं हुई थी जबकि विकास शादीशुदा है।

## भागलपुर में बम ब्लास्ट में 7 बच्चे घायल:चश्मदीद बोला- मैदान में खेलने गए थे, किसी ने बम फेंका



भागलपुर. भागलपुर में मंगलवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक मैदान में ब्लास्ट हुआ है। यहां खेल रहे 7 बच्चे इस ब्लास्ट की चपेट में आए हैं। इनमें से 3 बच्चे ज्यादा झुलसे हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्चों को मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में मोहम्मद इरसाद के दो बेटे मन्नू और गोलू की स्थिति नाजुक है। बाकी बच्चे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 1 किमी दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। सिटी एसपी के. रामदास के मुताबिक, मौके पर फॉरेंसिक टीम मौजूद है। ब्लास्ट हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंही मैदान में हुआ है। मन्नू की मां रुक्साद ने कहा कि 'बम कैसे फटा, नहीं पता। आवाज सुनकर हम निकले तो देखा बच्चा खून से लथपथ था। बहुत तेज धमाका हुआ था। मैं अपने दो बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची। वहां बच्चा खेलने गया था।' एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि 'बच्चों के खेलते समय विस्फोट हुआ है। 7 बच्चे खेल रहे थे। इसमें 4 बच्चे घायल हैं। किसी बच्चे ने घर से कोई सामान लेकर आया था, जिससे सभी खेल रहे थे। जिससे धमाका हुआ है। अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है। FSL की टीम जांच कर रही है। कुछ मटेरियल को जांच करने के लिए लैब में ले जाया गया है। किस तरह का विस्फोटक था। किस प्रकार का बम था, कितना शक्तिशाली था, वो FSL की टीम जांच कर बताएगी। बम कहां से आया, किसने बनवाया, ये सारी जानकारी जुटाई जा रही है।'

## दानापुर में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

पटना. पटना के दानापुर में टाउन क्लिन ऑपरेशन के तहत अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। नगर परिषद प्रशासन ने तकियापार गांधी मूर्ति से बीएस कॉलेज तक जेसीबी से अतिक्रमण हटाया। नगर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए सड़क किनारे से अवैध दुकान, झोपड़ियों और गुमटियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। नालों पर बने अस्थाई दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया है। शाम तक दुकान हाटने का निर्देश दिया गया है। नगर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि आयुक्त और डीएम के सख्त निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को अतिक्रमणकारियों से 62,600 रुपए का जुर्माना वसूला गया था। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 3 और 4 अक्टूबर को भी अतिक्रमण मुक्त अभियान जारी रहेगा। वहीं, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि गांधी जयंती को लेकर तकियापर गांधी मूर्ति से लेकर बीएस कॉलेज तक सड़क किनारे और नालों से अतिक्रमण हटाया गया है।

## भोजपुर में 4472 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार:बिहार में सप्लाई के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल



### अवैध शराब के अंतरराज्यीय कनेक्शन का खुलासा

आरा(भोजपुर). भोजपुर जिले के कोईलवर थाना पुलिस ने पिकअप वैन पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित कर अवैध शराब की तस्करी करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। पिकअप की तलाशी के दौरान करीब 4472 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। शराब तस्करी में पकड़ाए व्यक्ति की पहचान नवादा जिले के हिसुआ थाना का ओड़ो गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। इसको लेकर पुलिस ने उत्पाद अधिनियम एवं जालसाजी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। भोजपुर एसपी राज ने मामले को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि शराब तस्कर से पूछताछ में अवैध शराब के अंतरराज्यीय कनेक्शन का खुलासा हुआ है। पिकअप वैन के अलावा मोबाइल एवं बिहार व यूपी का दो अलग-अलग नंबर प्लेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोईलवर के रास्ते अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरा-पटना हाइवे पर कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान एक पिकअप वैन को रोककर सघन तलाशी ली गई। जिस दौरान 750 एमएल की 296 बोतल और 180 एमएल की 4176 बोतल शराब बरामद किया गया। जिसके बाद गाड़ी चालक कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में यूपी से अवैध शराब की खेप लाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

### पिकअप पर फर्जी नंबर लगाकर शराब तस्करी

एसपी ने बताया कि पिकअप पर यूपी का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित पाया गया है जो जांच में फर्जी पाया गया। इसके अलावा पिकअप गाड़ी के अंदर से एक और नंबर प्लेट बरामद हुआ। जिस पर बिहार का रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित पाया गया। बिहार से बिहार में शराब की खेप लाए जाने के दौरान दोनों नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया जाता था। टीम में कोईलवर के प्रभारी थानाध्यक्ष सुबोध मंडल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। एसपी ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में यह बात आ रही कि धंधेबाज यूपी से अंग्रेजी शराब की खेप लेकर नवादा जिले की ओर जा रहे थे। पूछताछ कर मुख्य सप्लायर के बारे में पता लगाया जा रहा है। करीब 973.68 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है।



हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

गांधी जयंती आज...

रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 140 मूल्य : 2 रुपए www.koylanchalsamvad.com



# सीएम हेमंत सोरेन ने बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग जिले को 1240 करोड़ की दी सौगात, 50 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

## सीएम ने कहा- सरकार गांव-गांव, टोला-टोला जाकर आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं का निदान कर रही

**बोकारो** : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने चंदनकियारी प्रखंड के चंडीपुर मैदान से मंगलवार को बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग जिले को 1240 करोड़ 57 लाख रुपए की सौगात दी. उन्होंने 50 विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. 36 करोड़ 46 लाख रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं 1204 करोड़ 11 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार गांव-गांव, टोला-टोला जाकर आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं का निदान कर रही है. बहाली शुरू कर नौकरी दी जा रही है, वहीं भारतीय जनता पार्टी लोगों को जाति-धर्म में बांटने का काम कर रही है. बीजेपी कभी भी आदिवासियों और मूलवासियों की हितैषी नहीं हो सकती.

### हिंदू-मुस्लिम के बीच खाई पैदा कर रही बीजेपी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम एक तरफ झारखंड की चिंता कर रहे हैं तो बीजेपी डेमोग्राफी बदलने का मनगढ़ंत झूठ फैलाकर हिंदू-मुस्लिम के बीच खाई पैदा कर राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा को उखाड़ फेंकने से ही झारखंड का भला होगा. गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना होगा तभी जाकर सही मायने में ग्रामीणों का विकास हो पाएगा.




### कैबिनेट की बैठक 8 को, कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद्) की बैठक आठ अक्टूबर को होगी. सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी है. इसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगायी जाएगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने जानकारी दी है कि झारखंड मंत्रिपरिषद् (कैबिनेट) की बैठक आगामी मंगलवार यानी आठ अक्टूबर को होगी.

बोकारो में आयोजित कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने बोकारो जिले में 500 बेड के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ललपनिया में 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा प्लांट का शिलान्यास किया. स्व जगरनाथ महतो के नाम पर जगरनाथ महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी गयी है. कोरोना के दौरान जगरनाथ महतो का निधन हुआ था.

### रामगढ़ को सीएम हेमंत सोरेन की सौगात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ जिले के पतरातू में रेल ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया. हजारीबाग जिले के नगर निगम भवन एवं 5000 मिलियन टम (क्षमता) कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन और झील के सौदर्यीकरण का शिलान्यास शामिल है. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह समेत अन्य शामिल थे.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहाः झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपए दबाकर बैठी है केंद्र सरकार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के कोयला मद के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए दबाकर बैठी है।सीएम मंगलवार को बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के चण्डीपुर मैदान में समारोह को संबोधित कर रहे थे। अपने 45 मिनट के संबोधन में मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। झारखंड की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। कहा कि कोयला मद में राज्य को मिलने वाले 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए का भुगतान केंद्र सरकार ने अभी तक नहीं किया गया है।ये रकम मिल गई होती, तो झारखंड के विकास में और तेजी आती. उन्होंने कहा कि हम ईडी और सीबीआई से डरने वाले नहीं हैं। हमने झारखंड लड़कर लिया है। झारखंड के कह के लिए आगे भी लड़ाई जारी रहेगी।उन्होंने कोरोना काल से लेकर अब तक की राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।सीएम ने कहा कि पहले लोग बेटियों को बोझ समझते थे।लेकिन अब वो घर की संपत्ति हैं।राज्य सरकार ने कन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से बेटियों की शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था की है।पहले आवासीय विद्यालय में घर से चावल ले जाकर, खाना पका कर पढ़ाई करनी पड़ती थी।अब सरकार ने उन बेटियों के लिए खाना उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

महिलाओं को मंईयां सम्मान देकर उनके हाथों को मजबूत किया। गरीबों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा।गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बेटियों की पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जा रहा है।हेमंत सोरेन ने कहा कि ये भाजपा सरकार नहीं, जो चंद लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए सत्ता पर बैठी है।ये झारखंड के लोगों की सरकार है, जो रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि आपके गांव, आपके द्वार से चलती है।पहले मां-बेटी, बुजुर्ग सहित ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था।अब सरकार आपके द्वार पहुंच कर योजनाओं का लाभ दे रही है।

सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली फ्री कर दी है।पुराना बकाया बिजली बिल व किसानों का ऋण माफ कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चीन ने किया स्टीम्युलस पैकेज का ऐलान, निवेशक भारत छोड़ चीन का कर रहे रुख

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पिछले दो साल में एमर्जिंग मार्केट निवेशकों ने भारत में खरीदो और चीन में बेचो की नीति अपना कर खूब धन कमाया। यह चीन को पसंद नहीं आई अब उसकी एक चाल ने स्थिति ही पलट दी है। चीन सरकार ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में स्टीम्युलस पैकेज का ऐलान किया है। इसके बाद से वहां के शेयर मार्केट में काफी उछाल आ गया। इससे निवेशक भारत से पैसा निकालकर चीन का रुख कर रहे हैं। चीन के सीएसआई 300 इंडेक्स में एक सप्ताह में 25 फीसदी उछाल आया है जबकि हैंग सेंग 16फीसदी चढ़ गया। दूसरी ओर निफ्टी और सेंसेक्स दोनों ही बिकवाली का दबाव है। सोमवार के कारोबार में एफआईआई ने एक अरब डॉलर से ज्यादा की निकासी की। इससे सेंसेक्स में करीब 1300 अंक की गिरावट आई। सिंगापुर की वित्तीय सेवा फर्म डीबीएस ग्रुप ने कहा कि भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया है और हम अन्य बाजारों पर भी नजर रख रहे हैं। चीन और आसियान बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भारत वास्तव में एक डोमेस्टिक लिक्विडिटी मार्केट है। चीन सरकार के मौद्रिक और तरलता उपायों की घोषणा के बाद उसका प्रदर्शन इस साल के बाकी महीनों में भारत से अच्छा रहेगा। लिक्विडिटी को मुक्त करने के लिए चीन ने बैंकों के लिए रिजर्व रेश्यो को 50 आधार अंकों से कम कर दिया है। इसने मौजूदा आवास के लिए मोर्टगेज रेट को भी 50 बीपीएस से कम कर दिया है।

### गोविंदा के पैर में गोली लगी, रिवॉल्वर रखते वक्त मिसफायरः एक्टर ने मैसेज में कहा- मैं अब ठीक हूं, बुलेट निकाल दी गई

**मुंबईः** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा (60) पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। उन्हें खुद की रिवॉल्वर से गोली लगी। वो



रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल दी गई है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय गोविंदा घर में अकेले थे। उनके पास एक लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रिवॉल्वर से गलती से गोली चली, जो उनके पैर पर लगी। इस मामले से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, गोविंदा को अपनी रिवॉल्वर साफ करते हुए मिस फायरिंग से गोली लगी। मुंबई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उनकी रिवॉल्वर जब्त कर ली है। गोविंदा ने अस्पताल से ऑडियो मैसेज जारी कर कहा-मैं आप सबके आशीर्वाद से ठीक हूं। गलती से गोली चल गई थी, जिसे ऑपरेशन करके निकाल लिया गया है। डॉक्टरों और आप सभी को प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। जानकारी के मुताबिक, गोली लगने से उनके पैर से काफी खून बह गया था। इलाज के लिए अंधेरी के क्रिटी केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। हॉस्पिटल से जुड़े सुत्रों के अनुसार, शुरुआती इलाज के बाद अब गोविंदा खतरे से बाहर हैं।

### इग्नू ने चौथी बार बढ़ाई एडमिशन की तारीख, अब 15 अक्टूबर तक करें आवेदन

नई दिल्ली,(ईएमएस)। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जुलाई 2024 सत्र के लिए एडमिशन की अंतिम तारीख को चौथी बार बढ़ाने की घोषणा की है। अब यह तारीख 15 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी है। इससे पहले इसकी अंतिम तारीख 30 सितंबर थी। इग्नू के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस बदलाव की जानकारी दी गई, जिससे छात्रों को राहत मिली है जो नियमित कॉलेज में दाखिला नहीं ले पाए थे। इग्नू भारत की सबसे बड़ी ओपन यूनिवर्सिटी है और इसमें एडमिशन लेने की इच्छुक छात्र को अब 15 दिन का समय और मिल गया है। इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर का लाभ उन छात्रों को मिलेगा जिन्हें रेगुलर कॉलेज में स्थान नहीं मिल पाया था। इग्नू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जुलाई, 2024 सत्र के लिए ओडीएल/ऑनलाइन मोड में पेश किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों के संबंध में नए प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है। यह ध्यान देना जरुरी है कि पहले यह तारीख 10 सितंबर थी, जिसे बढ़ाकर 20 सितंबर किया गया, फिर 30 सितंबर और अब इसे 15 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है।

# झारखंड के युवाओं को 25 देशों में मिलेगी नौकरी, सरकार का 3 कंपनियों के साथ समझौता

**धनबादः** अब झारखंड के युवा जापान, सऊदी अरब समेत 25 देशों में नौकरी कर सकेंगे. झारखंड सरकार ने तीन इंटरनेशनल कंपनियों के साथ करार किया है, जिसमें एक सऊदी अरब तो दूसरी जापान और तीसरी कंपनी भी विदेश की ही है. सऊदी अरब की कंपनी ईएफएस फैसिलिटी सर्विसेज की कंपनी प्रतिनिधि नसरीन ने कहा कि कंपनी का हेड क्वार्टर दुबई में है, लेकिन सऊदी अरब समेत 25 देशों में कंपनी नौकरी देने का काम करती है. इन कंपनियों में युवक के साथ महिलाओं को भी नौकरी दी जाती है. तकनीकी, हाउसकीपिंग और सुरक्षा सर्विसेज में नौकरी मिलती है, जिसमें दुबई के हिसाब से 1000 से 2000 रियाल तक की सैलरी दी जाती है. इंडियन करेंसी में सैलरी कई हजार रूपए हैं.

ईएफएस फैसिलिटी सर्विसेज कंपनी में अभी 30,000 युवा काम कर रहे हैं, जो भारत के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं. झारखंड सरकार ने तीन विदेशी कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है. जिससे टेक्निकल स्किल के आधार पर हर महीने युवाओं को रोजगार मिलता रहेगा. युवाओं को आने-जाने का खर्चा मुफ्त रहेगा. साथ ही वीजा, टिकट समेत खाने-पीने का पैसा भी नहीं लगेगा.

स्किल डेवलपमेंट काउंसिल के डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि कौशल विकास योजना के माध्यम से झारखंड के हजारों बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है. कुल 40 ट्रेंड में बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिसमें आईटीआई के बच्चे भी शामिल हैं.

आने वाले दिनों में विभाग के माध्यम से शहर से लेकर गांव तक इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा. युवाओं को ट्रेनिंग भी दी जाएगी. आज विदेश की तीन कंपनियों के साथ झारखंड सरकार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें जापान, सऊदी अरब समेत एक अन्य देश का भी नाम शामिल है.

# आज हजारीबाग आ रहे पीएम मोदीः धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की करेंगे शुरुआत

**रांची/हजारीबाग** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को झारखंड आएंगे। वे रांची एयरपोर्ट आएंगे और चॉपर से हजारीबाग जाएंगे। दोपहर करीब 2 बजे हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम झारखंड से पूरे देश के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान 79,150 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। इसके साथ ही राज्य में शुरू हुए भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन भी करेंगे।

### एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन-आधारशिला रखेंगे

इसके साथ ही पीएम 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला रखेंगे। विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री का यह लगातार दूसरा दौरा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 प्रखंडों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार के 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण विकास करना है। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखेंगे।

### 32 जनजातीय समुदाय से करेंगे संवाद, पीवीटीजी को सौगात

पीएम मोदी कमजोर जनजातीय समुदाय से संवाद करेंगे और उन्हें कई सौगात देंगे। पीएम-जनमन के तहत 1360 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनबाड़ी, 250 बहुउद्देश्यीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास शामिल हैं।

# प्रेम प्रकाश की बेल पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची/नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को झारखंड में पवार ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई. जिसके बाद अदालत ने



अगली सुनवाई के लिए 4 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है. दरअसल पिछले वर्ष जनवरी में झारखंड हाईकोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद प्रेम प्रकाश ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई. प्रेम प्रकाश अवैध खनन और लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में आरोपी है और फिलहाल दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है.

### कांके सीओ जय कुमार ने किया सरेंडर

**रांचीः** लैंड स्कैम के आरोपी कांके सीओ जय कुमार राम ने मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी



लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया. जिसके बाद उसने कोर्ट में गुहार लगाते हुए एक लाख रुपए का बेल बॉण्ड प्रस्तुत किया. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है. जय कुमार राम की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की. बता दें कि कांके से जुड़े लैंड स्कैम में जय कुमार राम समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ ईडी ने पिछले दिनों आरोप पत्र कोर्ट में सौंप दिया है. जिसके बाद उसके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी.

# लातेहार में जेजेएमपी का दो सबजोनल कमांडर गिरफ्तारः पुलिस ने एके-47 हथियार के साथ दबोचा

**लातेहारः** लातेहार पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के दो सबजोनल कमांडर को एके-47 हथियार के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में खुर्शीद अंसारी पिता मरहूम इसराफिल मियां (हेठ पोचरा, लातेहार) व




फेंकू भुईयां उर्फ सर्वनाश पिता पूशन भुईयां (कुरियाम,बालूमाथ) का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से एके-47 राइफल (मेड इन चाइना), एके-47 का मैगज़ीन एक, एके-47 का 8 गोली, तीन मोबाइल व एक जिओ राइटर बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर दी।

**ऐसे हुई गिरफ्तारीः** उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी सदर थाना क्षेत्र के सलैया व नारायणपुर पहाड़ के तलहटी के जंगली क्षेत्र में जेजेएमपी के दो उग्रवादी हथियार के साथ भ्रमणशील है। सूचना के सत्यापन के बाद लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम जैसे ही उक्त स्थान पर पहुंची तो दो उग्रवादी हथियार के साथ एक महुआ के पेड़ के नीचे बैठे दिखाई दिए। जैसे ही पुलिस नजदीक पहुंची दोनों उग्रवादी भागने लगे।

# पीएम मोदी बोले- कांग्रेस को ठगी की लत लगीः हिमाचल में झूठ बोला, अब हरियाणा में झूठे वादे बेच रहे, ये दलित विरोधी पार्टी

**पलवलः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के पलवल में आखिरी रैली करने पहुंचे हैं। वह यहां रैली को संबोधित कर रहे हैं। रैली में कार्यवाहक सीएम नायब सैनी समेत पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी पहुंचे हैं। पीएम की रैली में नूंह हिंसा का आरोपी बिट्टू बजरंगी भी पहुंचा है। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के मंच पर नजर आया था। पीएम की इस चुनाव में ये आखिरी रैली है। इससे पहले उन्होंने 3 रैलियां की। प्रदेश में 5 अक्टूबर को वोटिंग होगी, वहीं 8 अक्टूबर को रिजल्ट आएंगे।



### फौजियों के साथ तक धोखा किया

कांग्रेस के धोखों को गिनाऊंगा तो कई दिन निकल जाएंगे। मैं सिर्फ एक उदाहरण देता हूं। कांग्रेस ने देश की रक्षा करने वाले फौजियों के साथ तक धोखा किया। कांग्रेस ने वन रैंक वन पैंशन नहीं दी। जबकि मैंने रेवाड़ी में वादा किया था। 2013 सितंबर में मैंने कहा था रेवाड़ी वीरों की धरती है। तब मैंने कहा था कि वादा करता हूं कि मैं वन रैंक वन पेंशन लागू करूंगा। हमने लागू किया। फौजी परिवारों को करीब सवा लाख करोड़ रुपए दिए। अब बताइए जिस काम के लिए सवा लाख करोड़ लगने वाले थे, ये उनको पांच सौ देते थे। ये धोखा है, फरेब है।

### कांग्रेस हमारी सेना पर भी हमला करती हैः मोदी

उन्होंने कहा कि ये अबर्न नक्सली गठजोड़ भारत को कभी मजबूत होते नहीं देख सकते। इसलिए ये कांग्रेस हमारी सेना पर भी हमला करती है। हमारी सेना ने दुश्मनों को बार बार पीटा, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार दुश्मनों की तारीफ करता है। मैं सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट देख रहा था, वहां कांग्रेस को लेकर कुछ पोस्टर डाले थे। इनमें लिखा था कि कांग्रेस के लोग जोर से कहते हैं कि 370 वापस लाएंगे, लेकिन कांग्रेस ने ये नहीं कहा कि पीओके वापस लाएंगे। कांग्रेस ने देश का मुकुट तोड़ दिया। कश्मीर को भी तोड़ दिया। इतना बड़ा हिस्सा गंवा दिया। ये बातें आज सोशल मीडिया पर कांग्रेस के लिए लिखी जा रही हैं। सही में, ये देश का दुर्भाग्य है कि 370 की वापसी के मुद्दे पर पाकिस्तान की सरकार ने भरपूर समर्थन दिया है। अब आप ही बताइए जो एजेंडा पाकिस्तान को पसंद है वो कट्टर देशभक्त हरियाणा के लोगों को क्या कभी भी पसंद आ सकता है। जो कांग्रेस पाकिस्तान को खुश करती है, वह हरियाणा को कभी भी खुश रख सकती है क्या। साथियों कांग्रेस देश की सबसे बेईमान पार्टी है।

### एसी ओबीसी आरक्षण का हक कोई नहीं छीन सकता

इन्होंने संसद की सेंट्रल हॉल में उनकी तस्वीर तक नहीं लगने दी। ये उनके नाम से कांपते थे। दलित हिंसा की सबसे ज्यादा घटनाएं कांग्रेस के राज में हुईं। इनका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इनके एक नेता जिन्होंने मिर्चपुर कांड के समय भी दलितों के साथ बदनीयत दिखाई है उनके ऑफिस में कांग्रेस कार्यकर्ता डंके की चोट पर ताली पर ताली लेकर के कह रहे हैं कि एक दिन आरक्षण खत्म होगा ही। कांग्रेस ने इसका प्लान बना लिया है। हरियाणा उनका टेस्ट स्टे होने वाला है। साथियों जब तक मोदी है एसी ओबीसी आरक्षण का हक कोई नहीं छीन सकता। ये लोग दिन रात मुझे गालियां देते हैं। मेरे सीएम को भी गालियां देते हैं। हमारा और कोई गुनाह नहीं है, हमारा गुनाह यही है कि हम अति पिछड़ी मां की कोख से पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सिर्फ और सिर्फ एक ही एजेंडा है वोट के लिए तुष्टिकरण। ज्यादा से ज्यादा तुष्टिकरण। आप देखिए कांग्रेस आज क्या कर रही है। कांग्रेस कहती है कि वह दलितों, पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देगी। कर्नाटक में इन्होंने यही किया है, जैसे ही वहां इनकी सरकार बनी इन्होंने दलितों-पिछड़ों का आरक्षण छीन लिया। कांग्रेस ने इनका आरक्षण धर्म के आधार पर बांट दिया।

# थाइलैंड में स्कूल बस में आग, 25 स्टूडेंट्स की मौतः5 टीचर्स समेत 44 लोग सवार थे

थाइलैंड में एक स्कूल बस में आग लगने से 25 छात्रों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, बस में 44 लोग सवार थे, जिनमें से 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल रेस्क्यू वर्कर्स बाकी बच्चों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। आग लगने की वजह अब तक सामने नहीं आई है। हालांकि मौके पर मौजूद चश्मदीदों का कहना है कि बस का टायर फटने की वजह से आग लगी। रॉयटर्स के मुताबिक हादसा बैंकॉक के खू खोट इलाके में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। बस एक स्कूल ट्रिप से लौट रही थी। बस में 3 से लेकर 15 साल की उम्र तक के बच्चे मौजूद थे। इसके अलावा इनके साथ 5 टीचर भी सवार थे।




### ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर बोले- सीएनजी से चल रही थी बस

थाइलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा ने हादसे में जाने गंवाने वाले बच्चों के परिजनों के प्रति शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को घटनास्थल पर जाकर हालात का जायजा लेने का आदेश दिया है। वहीं देश के गृह मंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा कि बचावकर्मियों के पहुंचने के बाद भी बस इतनी ज्यादा गर्म थी कि उसके अंदर जाना बेहद मुश्किल था। इस वजह से हादसे के काफी देर बाद तक शव बस में ही थे। मरने वालों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। थाइलैंड के ट्रांसपोर्ट मंत्री ने कहा कि बस कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) से चल रही थी। यह बेहद दुखद घटना है। मैंने मंत्रालय से इस तरह के पैसेंजर व्हीकल्स के लिए सीएनजी जैसे फ्यूल का इस्तेमाल बैन कर कोई और विकल्प तलाशने को कहा है।

## सचिवालय सेवा संघ ने स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने के लिए सरकार के प्रति जताया आभार, लंबित मांग पर भी विचार का अनुरोध

रांची : झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया है. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा की मांग राज्य कर्मियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी मगर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने उन सभी समस्याओं का निराकरण कराते हुए हम सब के लिए ये सौगात दी है. इस योजना में सेवानिवृत्त पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भी जुड़ने की सुविधा दी गई है. इससे सेवानिवृत्त कर्मी भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे. श्री प्रसाद ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री सचिवालय कर्मियों की लंबित मांगों को भी शीघ्र पूरा करेंगे.

## 6 अवर सचिव की पोस्टिंग मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में

रांचीः विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए झारखंड सचिवालय सेवा के छह अवर सचिव स्तर के पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है. सभी पदाधिकारियों को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया गया है. सीएम की अनुमति से इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है.

**इन्हें भेजा गया मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग** : स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार सिंह, पीसीसीएफ कार्यालय रांची से संजय कुमार सिन्हा, राजस्व पर्षद से घनश्याम प्रसाद, जलसंसाधन विभाग से विनोद कुमार, उद्योग विभाग से संतोष कुमार चौबे व कृषि विभाग से विभाष चंद्र सिंह की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया गया है.

## बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने वाली पीआईएल पर अब हाईकोर्ट में 13 नवंबर को सुनवाई

रांची : बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा झारखंड में घुसपैठ कर संथाल परगना इलाके में लैंड जिहाद किये जाने की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर अब हाईकोर्ट में 13 नवंबर को सुनवाई होगी. मंगलवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की गयी है. जो फिलहाल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है. इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस रंगान मुखोपाध्य की खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने तक इस मामले की सुनवाई टाल दी है. इस संबंध में जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और उनके सहयोगी अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने बहस की.

## झारखंड में 6 अक्टूबर तक बारिश की संभावना नहीं:तेज धूप की वजह से बढ़ेगी गर्मी; राज्य में सामान्य से 31% अधिक बारिश



रांची। झारखंड में 6 अक्टूबर तक राज्य के मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने जा रहा है। हर दिन की तरह अगले एक सप्ताह तक दिन के पहले पहर में तेज धूप होगी और दोपहर दो बजे के बाद कहीं हल्के तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। सोमवार को भी राजधानी रांची सहित राज्य के अलग-अलग जिलों में पहले धूप फिर तेज बारिश का नजारा देखने को मिला। दोपहर बाद हुई बारिश के बाद शाम में फिर मौसम साफ हो गया। आज सुबह से ही धूप निकली हुई है। मौसम विभाग की ओर से भी कोई चेतावनी नहीं जारी की गई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे में राज्य में मानसून काफी कमजोर रहा। हल्के दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश 22 मिमी हुई। यह बारिश हजारीबाग में रिकॉर्ड की गई। बात अधिकतम तापमान की करें तो 35.6 डिग्री सेल्सियस सरायकेला का रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम तापमान रांची का रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मानसून के देशभर से विदा होने की सामान्य तिथि 15 अक्टूबर है। अब अगले एक से डेढ़ महीने दिन और रात के तापमान में अंतर और बढ़ जाएगाा। नवंबर के तीसरे हफ्ते से दिन में भी तापमान कम होना शुरू होगा, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। दिसंबर में पहाड़ों पर बर्फबारी की शुरुआत से मैदानों में भी ठंड दस्तक देगी। नवंबर के आखिरी तक ला-नीना पैदा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ला-नीना में अक्सर ज्यादा ठंड रहती है।

### राज्य में सबसे अधिक धनबाद, सबसे कम पाकुड़ में बरसा

झारखंड में 30 सितंबर तक 1011.6 मिमी बारिश हो चुकी है। सामान्य तौर पर 1022.9 मिमी बारिश दर्ज होनी चाहिए थी। राज्य में सबसे अधिक बारिश इस मानसून में धनबाद में 1417 मिमी हुई है। यह सामान्य से 31% अधिक है। गढ़वा में भी 1119.5 मिमी बारिश हो चुकी है। सामान्य से 23% अधिक, लेकिन तीन जिले पाकुड़ चतरा और देवघर में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। पाकुड़ में सबसे कम 646 मिमी बारिश ही दर्ज की गई है। यह 47 प्रतिशत कम है। वहीं चतरा में 681.1 मिमी और देवघर में 763.4 मिमी बारिश जो सामान्य से 24 प्रतिशत कम है।

## ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार



रांचीः ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार किए गए हैं. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले अंकित कुमार और हिंदपीढ़ी का रहने वाला मो. कैफी को गिरफ्तार किया है. इन दोनों की गिरफ्तारी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर मैदान के पास से हुई है. इनके पास से पुलिस ने 30 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुआ है. मंगलवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि किशोरगंज विद्यानगर मैदान के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद बिक्री हो रही थी. जिसके बाद पुलिस के द्वारा यह कार्रवाई की गई.

# जबरन चंदा वसूली, संवेदनशील पंडाल समेत 17 बिंदुओं पर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एसपी से मांगी रिपोर्ट

रांची : दुर्गा पूजा की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी. झारखंड के सभी जिलों में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा. सभी जगहों पर पूजा पंडाल का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है. दुर्गा पूजा के दौरान झारखंड में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो, इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसपी से जबरन चंदा वसूली समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है.

### इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मांगी गयी है रिपोर्ट :

- दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कहां-कहां किये जायेंगे और कितनी भीड़ होने की संभावना है, इससे संबंधित विवरण.
- क्षेत्र में लाइसेंसी और गैर लाईसेंसी पूजा पंडालों की संख्या.
- दशहरा के नाम पर किन-किन स्थानों पर जबरन चंदा वसूली की जाती है और इसके रोकथाम के क्या उपाय हैं.
- दशहरा के अवसर पर पूर्व से संवेदनशील पूजा पंडाल किन-किन स्थानों पर है, जहां निगरानी रखे जाने की आवश्यकता है.
- पूजा पंडालों में आग लगने की स्थिति में अग्निशामक की व्यवस्था है या नहीं.
- दशहरा के अवसर पर पूर्व में हुए विवाद और घटना की सूची की विवरणी.
- बीते पांच सालों में दशहरा पर घटित सांप्रदायिक घटनाओं की संक्षिप्त विवरणी.
- वैसे असामाजिक तत्वों जो पूर्व में दंगा व सांप्रदायिक कांडों में संलिप्त व आरोपित रहे हो और विधि-विरुद्ध कार्य कर या अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक तनाव और विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं, उसकी सूची.
- वैसे व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया ग्रुप जो किसी विशेष सांप्रदाय, धर्म और जाति की भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियां करते हैं और नफरत व अफवाह फैलाते हैं, उनके एडमिन के नाम और मोबाइल नंबर.
- अवैध पशु तस्करों और वधशाला की सूची.
- अवैध शराब कारोबारियों की सूची.
- शांति समिति की बैठक से संबंधित सूचना और विवरणी.
- ऐसे शांतिप्रिय और गणमान्य व्यक्तियों (नाम, पता, फोन नंबर) की विवरणी जो आपातकालीन स्थिति में प्रशासन को सहयोग कर सकते हैं.
- विसर्जन जुलूस के दौरान किन-किन धार्मिक स्थानों, रास्तों और विवादास्पद स्थलों पर निगरानी रखे जाने की आवश्यकता है.
- नदी और जलाशयों में प्रतिमा विसर्जन के दौरान संभावित दुर्घटना से बचाव के लिए किन-किन स्थानों पर गोताखोरों और नावों की व्यवस्था की गयी है.
- किन-किन स्थानों और पंडालों में विशिष्ट और अति विशिष्ट महानुभावों के शामिल होने की संभावना है.
- शांति और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के अन्य महत्वपूर्ण तथ्य और सुझाव.

# राजधानीवासियों को सौगातः सीएम 3 को ट्रांसपोर्ट नगर व 4 को कांटाटोली फ्लाईओवर का करेंगे उद्घाटन

रांची : लंबे अरसे के बाद आखिरकार राजधानी वासियों को ट्रांसपोर्ट नगर व कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात मिलनेवाली है. नगर विकास विभाग ने इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजना पर काम पूरा करा लिया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों इसके उद्घाटन की तैयारी की जा रही है. अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 सुकुरहुटु रांची का उद्घाटन 3 अक्टूबर को किया जायेगा. वहीं, इसी दिन ट्रांसपोर्ट नगर फेज-2, सुकुरहुटु रांची का शिलान्यास भी कराया जायेगा. उद्घाटन-शिलान्यास के लिए स्थल भी चयनित कर लिया गया है. सुकुरहुटू के आइटीबीपी कैंप के निकट, रिंग रोड रांची के पास से तीन अक्टूबर को इन दोनों परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया जायेगा. वहीं, सिरमटोली चौक के निकट संत पॉल कैथेड्रल मैदान से योगदा सत्संग आश्रम, बहुबाजार से शांतिनगर कोकर वाया कांटाटोली चौक तक फ्लाईओवर परियोजना का उद्घाटन 4 अक्टूबर को किया जायेगा.





### यातायात शुरू करने के लिए निर्माण प्रक्रिया अंतिम चरण में

योगदा मठ बहुबाजार से शांतिनगर कोकर तक कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है. इसका फिनिशिंग कार्य चल रहा है. यातायात शुरू करने के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं. फ्लाईओवर के सभी 486 प्रीकास्ट सेगमेंटल बॉक्स चढ़ चुके हैं. सभी बाक्सों को केबल से बांधते हुये विशेष ग्लू ( गोंद ) से जोड़ा जा चुका है. सेगमेंटल बाक्स को सड़क का रूप देने के लिए 50 एमएम का बिटुमिन का स्तर पर लगाया जा चुका है. बिटुमिन के ऊपर 25 एमएम मास्टिक अस्फाल्ट का लेयर चढ़ाने का काम अंतिम चरण में है.

### बिजली के 125 खंभे लगाये गये

फ्लाईओवर पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगभग 125 बिजली के खंभे लगाने का काम भी चल रहा है. शांतिनगर कोकर के पास माइनर ब्रिज को चौड़ा करने का काम तेजी से चल रहा है. नगर विकास सचिव के निर्देश पर 30 सितंबर तक माइनर ब्रिज का भी काम पूरा करने पर तेजी से काम हो रहा है. फ्लाईओवर के नीचे भी एलइडी बल्ब लगाये जा रहे हैं. मुख्य फ्लाईओवर पर यातायात शुरू कराने के बाद खादगढ़ा बस स्टैंड के प्रवेशद्वार के पास नामकुम एवं बस स्टैंड की ओर जाने के लिए रैंप बनेगा. इसी तरह लालपुर की ओर जाने के लिए पेट्रोल पंप के पास एक रैंप बनेगा.

### राज्य के पहले ट्रांसपोर्ट नगर के उद्घाटन की तैयारी पूरीः प्रधान सचिव

राज्य के पहले और बहु प्रतिक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन अक्टूबर को उद्घाटन करेंगे. ट्रांसपोर्ट नगर के रखरखाव और संचालन की नीति एवं प्रक्रिया भी तैयार की जा रही. उद्घाटन के साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में भारी, मध्यम और छोटे ट्रक लगने शुरू हो जायेंगे. राजधानी वासियों को बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का भी तोहफा मिल जायेगा. नगर विकास विभाग सचिव सुनील कुमार के निर्देश पर जुडको द्वारा एजेंसी केएमवी से तेजी से काम कराया जा रहा है. सचिव ने बताया काम लगभग पूरा हो गया है.मई 2022 में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण की आधारशिला रखी गई थी. यह राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर होगा.

### 112 करोड़ की लागत से हुआ निर्माण

अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम पूरा हो गया है. सबसे खास बात यह है कि जो यहां पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है. इसकी जोड़ाई में कही भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है. कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 112 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है. प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा. निमार्णाधीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 एक्स्ट्रा लार्ज ( 22 मीटर लम्बा ) , 11 लार्ज टेलर ( 18 मीटर ) और 27 स्माल ( 16 मीटर ) वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा . इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 लार्ज और 50 स्माल वाहन खड़ा किये जायेंगे. लेबल तीन के प्लेटफार्म पर सिर्फ 64 स्माल वाहन खड़ा होंगे. बाहर से आने वाले वाहनों के माल को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके हैं. लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है. बाहर आने वाले वाहनों के माल इसी वेयर हाउस में खाली कर ट्रक चालक मुक्त हो जायेंगे, अब ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों से इसे जगह तक पहुंचाएंगे. इससे शहर में बड़े वहां नहीं घुसेंगे, जाम नहीं लगेगा. ट्रांसपोर्ट नगर आने के लिए वाहनों को नो एंट्री का झंझट भी नहीं झेलना पड़ेगा क्योकि रिंग रोड नो एंट्री से मुक्त है.

### ड्राइवर खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड

जी प्लस 3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों एवं अन्य के लिए 16 ऑफिस का प्रावधान किया गया है. ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा. प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, दो वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, वाई फाई, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा.

## हाई कोर्ट को बताया गया, बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार गई है सुप्रीम कोर्ट

रांचीः संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठ से संबंधित जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है या नहीं इसे लेकर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने के हाई कोर्ट के 20 सितंबर के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है. सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने एसएलपी दाखिल की है. इसलिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आने के बाद सुनवाई की जाए. हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों के संयुक्त आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 नवंबर निर्धारित की है. खंडपीठ को यह भी बताया गया की 30 तारीख को झारखंड के मुख्य सचिव एवं केंद्रीय गृह सचिव के बीच बैठक हुई थी, जिसमें फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को लेकर सहमति नहीं बनी. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा. पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से वर्चुअल रूप से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा था कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश की घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश के संबंध में कोई डाटा अपने शपथ पत्र में नहीं दिया है. उनकी ओर से यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इसी तरह का एक मामला पेंडिंग है. उन्होंने कहा कि प्रार्थी इस जनहित याचिका को पॉलीटिकल एजेंडा के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि झारखंड में बीते कुछ माह में विधानसभा चुनाव होने हैं. वहीं सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा था की केंद्र सरकार ने संथाल परगना में घुसपैठ को लेकर अंतिम जनगणना के आधार पर आदिवासियों की संख्या में कमी आने का डाटा दिया गया है. इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था कि बीते 30 सितंबर तक केंद्र सरकार के गृह सचिव एवं झारखंड के मुख्य सचिव की बैठक प्रस्तावित है. इसमें झारखंड में घुसपैठियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनने पर विचार होगा जिसमें घुसपैठ के मसले पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों के संबंध में विचार होगा. फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य झारखंड के सीमावर्ती जिलों यथा देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में अवैध घुसपैठियों की पहचान करना तथा ऐसे अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की व्यवस्था करना होगा. हाई कोर्ट की खंडपीठ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के संथाल परगना में अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है.

## अमन की हत्या के आरोपी को बेल देने से कोर्ट का इंकार

रांचीः गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद जेल में हत्या करने के आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह को बेल देने से रांची सिविल कोर्ट ने इनकार कर दिया है. मंगलवार को अभिमन्यु की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई. सीआईडी और बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है. बहस के दौरान सीआईडी की ओर से बताया गया कि अभिमन्यु सिंह पर आरोप गठित किया जा चुका है, इसलिए उसे बेल नहीं दी जानी चाहिए. दरअसल धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या तीन दिसंबर 2023 को जेल में ही गोली मारकर कर दी गई थी.

## सांसद संजय सेठ, बीडी राम, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित समेत 21 आरोपियों के खिलाफ हाईकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक, सरकार से मांगा जवाब

रांची. रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोराबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, बीडी राम समेत 21 आरोपियों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने अर्जुन मुंडा समेत 21 आरोपियों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शहबाज अख्तर ने पैरवी की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट में जिनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद बीडी राम एवं विद्युत वरण महतो, रांची विधायक सीपी सिंह, भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही, नवीन जायसवाल, पूर्व सांसद दीपक प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, कुणाल यादव , पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, भाजपा नेता रामचंद्र चंद्रवंशी, नारायण दास, यदुनाथ पांडेय, केदार हाजरा, रमेश कुमार सिंह, पुष्पा देवी शामिल है। मामले में लालपुर थाना में इनके खिलाफ कांड संख्या 203/ 2024 दर्ज किया गया है. बता दे कि मामले में लालपुर थाना 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किए गए 'अन्याय' और चुनावी वादों को पूरा करने में 'विफलता' के खिलाफ विरोधी रैली के दौरान बैरिकेड तोड़ दिए थे. पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की और रबर की गोलियां चलाईं. दोनों पक्षों ने दावा किया कि हाथापाई में कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए थे. जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 को लागू किया था. इस प्रदर्शन के बाद मोरहाबादी मैदान के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई थी.

## लापता चार बच्चे पांच दिन बाद सिमडेगा से बरामद

रांची : रांची रेलवे स्टेशन से पांच दिन पहले लापता चार बच्चों को सिमडेगा से बरामद कर लिया गया है. बरामद बच्चों को रांची पुलिस सिमडेगा से रांची लेकर आ रही है. जानकारी के मुताबिक, चारों बच्चे रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर सिमडेगा चले गये थे. बानो स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों ने चारों बच्चों देखा तो उनसे पूछा कि कहा जा रहे हो. बच्चों ने कुछ जवाब नहीं दिया. आशंका होने पर आरपीएफ के जवानों ने चारों बच्चों को ट्रेन से उतारा और आरपीएफ पोस्ट में रखा. इसके बाद सिमडेगा सीडब्ल्यूसी से संपर्क किया और बच्चों को सौंप दिया. चारों बच्चों के परिजनों ने सोमवार को चुटिया थाना में बच्चों के लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी. चुटिया थाना पुलिस ने इसकी जानकारी वरीय पुलिस अधिकारी को दी. मामले की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने डीएसपी केवी रमन को त्वरित टीम बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. देर रात पुलिस को सभी बच्चों को सिमडेगा में होने की जानकारी मिली. इसके बाद चुटिया थाना की पुलिस सिमडेगा पहुंची और सिमडेगा सीडब्ल्यूसी से कागजी कार्रवाई के बाद चारों बच्चों को लेकर रांची आ रही है. सभी अरगोड़ा इलाके में कचरा चुनने वाले बताये जा रहे हैं.

## हेमंत सोरेन का एक्स पर पोस्ट, कहा-आज पीएम झारखंड आ रहे, हमारा हक 1.36 लाख करोड़ लौटाएं

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार की सुबह 10.30 बजे सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा जारी पोस्टर शेयर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से झारखंड का 1.36 लाख करोड़ बकाया राशि लौटाने की मांग की है. उन्होंने लिखा कि कल (दो अक्टूबर) को जब प्रधानमंत्री झारखंड में होंगे, तो हमारा हक हमें लौटायेंगे. इसका मुझे पूर्व विश्वास है. हेमंत सोरेन ने आगे लिखा है कि यह हक समस्त झारखंडियों का है. यह हमारे मेहनत और हमारे जमीन का पैसा है. इसे मांगने के कारण ही मुझे बिना किसी कारण के जेल में डाला गया.

उल्लेखनीय है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार को एक विज्ञापन जारी किया है. विज्ञापन रांची से प्रकाशित तमाम अखबारों में है. इसमें झामुमो ने सवाल उठाया है कि झारखंड का जो 1.36 लाख करोड़ केंद्र सरकार पर बकाया है, वह कब मिलेगा? बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को झारखंड दौरे पर आयेंगे. यहां वे हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर से 33 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे. साथ ही जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करेंगे. इसके बाद वह हजारीबाग के मटवारी मैदान में झारखंड भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन रैली को संबोधित करेंगे.

## दो अक्टूबर को पूरे राज्यभर में ग्राम सभा का होगा आयोजन, तैयार होगा लेबर बजट

रांचीः देशभर सहित पूरे झारखंड में दो अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा. ग्रामीण विकास विभाग ने इस आशय का निर्देश सभी जिलों को दिया है. ग्रामसभा के जरिये आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई योजनाओं का चयन किया जायेगा. श्रम बजट को तैयार किया जायेगा. पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की सहमति से योजनाओं का चयन किया जायेगा. ग्राम की जरूरत के अनुरूप योजनाएं ली जायेंगी. इसके अलावा राज्यभर की चार हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम स्वच्छता पखवारा का भी आयोजन किया जायेगा. मनरेगा के अंतर्गत कार्य निर्धारण व मनरेगा जागरूता दिवस के रूप में इसे मनाया जायेगा. इसके अतिरिक्त ग्रामीणों के बीच ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी. ग्रामीण रोजगार में वृद्धि करने के साथ-साथ सभी को योजनाओं का लाभ मिले इसे बताया जायेगा.

## खेल विभाग 539 खिलाड़ियों को देगा कैश अवॉर्ड

रांची : झारखंड खेल विभाग 4 अक्टूबर को जैप 1 के शौर्य भवन में कार्यक्रम आयोजित कर 21 खेल के 539 खिलाड़ियों को कैश अवॉर्ड देगा. इसमें सबसे अधिक फुटबॉल के 105 और हॉकी के 103 खिलाड़ी शामिल हैं. कार्यक्रम में खिलाड़ी और उनके कोच के बीच पांच करोड़ राशि का वितरण किया जाएगा. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर शामिल होंगे. विभाग द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार, यह अवॉर्ड झारखंड के वैसे खिलाड़ी को दिया जा रहा है।

# मंजूनाथ भजंत्री ने रांची डीसी का पदभार किया ग्रहण



रांची : रांची के नये डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आज मंगलवार को पदभार ग्रहण किया. पूर्व डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बुके देकर उनका स्वागत किया. मौके पर जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे. मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. बता दें कि पूर्व डीसी राहुल कुमार ने जुलाई 2022 में रांची डीसी का पदभार ग्रहण किया था.

### शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना प्राथमिकता

पदभार ग्रहण करने के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि त्योहार के सीजन की शुरुआत हो रही है. जिला प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना है. साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर पहुंचने का प्रयास किया जायेगा. आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारी पर डीसी ने कहा कि पूर्व से ही तैयारियां की गयी हैं, उसे आगे बढ़ाया जायेगा. सभी पदाधिकारी अनुभवी हैं, हम टीमवर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे.

### सोमवार को बदले गये थे चार जिलों के डीसी

बता दें कि राज्य सरकार ने सोमवार को छह आइएएस अफसरों का तबादला किया था. इसमें चार जिलों के डीसी को भी बदला गया था. कार्मिक विभाग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिला का उपायुक्त बनाया. वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ जिले की जिम्मेवारी सौंपी गयी. इसके अलावा पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त और रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम का एमडी बनाया गया. है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया.

# सम्पादकीय

कोयलांचल संवाद 4

रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com


## कर्म से ही जीवन की गतिशीलता

कर्म से जीवन में गति आती है, मानसिक और शारीरिक सक्रियता आती है। यह रजोगुण के लक्षण हैं। इस स्थिति में मनुष्य नई कामनाएँ करता है और उनकी पूर्ति के प्रयास करता है। इसमें जीवन के संघर्ष, द्वंद्व व तनावों से सामना होता है। यह अनुभव होता है कि कोई भी कामना पूर्ति कुछ समय तक ही सुख देती है फिर उसका स्थान नई कामना ले लेती है और फिर वही दुष्चक्र प्रारंभ हो जाता है। कई ऐसी कामनाएँ होती हैं जो पूरे पुरुषार्थ से काम करने पर भी पूरी नहीं होतीं। तब मनुष्य को सृष्टि में अपनी तुच्छता और असमर्थता समझ में आती है और वह ईश्वर से सहयोग की प्रार्थना करता है। उसमें दूसरों को अपने जैसा समझने, उनका भला करने और सहयोग करने का भाव आता है। ऐसे कर्मों को गीता में यज्ञ कहा गया है। यह रजोगुण से सतोगुण में प्रवेश है। इस अवस्था में भगवान् कहते हैं कि तुम मेरी ओर से, मेरे एजेंट के रूप में काम करो - निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन (11.33)। इसके बाद मनुष्य को अनुभव होता है कि वह निमित्त अवश्य है परंतु कर्ता भी स्वयं है। तब वह इससे भी मुक्ति चाहता है और जीवन का सारा भार भगवान् पर छोड़ देता है – सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज (18.66)। इस अवस्था में वह तीनों गुणों से परे हो जाता है और उसके सारे कर्म ईश्वर प्रेरणा से संचालित होने लगते हैं। अब वह कर्म करता नहीं है उसके माध्यम से कर्म होने लगते हैं। यह कर्मयोग की सर्वोच्च स्थिति है। इसी अवस्था को प्राप्त करने का विचार वेदों के अंतिम भाग 'उपनिषद' में किया गया है ।

यह संग्रह से त्याग तक की यात्रा है। जीवन के चार आश्रम भी इसी क्रम में बने हैं। पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य आश्रम में मेहनत करना, सेवा करना, विद्याध्ययन करना है। इसमें प्रकृति प्रदत्त तमस (आलस्य, अकर्मण्यता की स्वाभाविक प्रवृत्ति) समाप्त होती है। फिर 50 वर्ष की अवस्था तक गृहस्थ आश्रम में ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करना, संसार के उत्पादन में योगदान देना, धन संपत्ति अर्जित करके कामनाओं की पूर्ति करना है। यह रजोगुण की अवस्था है। फिर शुरू होती है वानप्रस्थ अवस्था जिसमें संसार से पृथक होने की तैयारी, समाज को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देना शामिल है। यह सतोगुण की अवस्था है। इसके बाद संन्यास आश्रम आता है जिसमें सब कुछ त्यागकर एकमात्र ईश्वर के लक्ष्य के लिए साधना करना है। यह तीनों गुणों से पार जाने की अवस्था है। गीता में भी भगवान ने अर्जुन से ऐसा ही आह्वान किया है - निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन (2.45)। सारे वैदिक ग्रंथ इसी जीवनचर्या को अनुशंसित करते हैं। इसमें चमत्कारों और अंधविश्वासों के लिए कोई स्थान नहीं है। विवेकानन्द जी कहते थे कि लोग उनके पास साधु बनने के लिए आते थे तो वह उनसे पूछते थे कि तुम्हारे पास त्यागने के लिए अभी है क्या ? न तो बलिष्ठ शरीर है, न धन है, न अहं है, फिर तयागोगे क्या? वह कहते थे कि पहले कुछ अर्जित तो करो। पहले तमोगुण के पशुवत जीवन से निकलकर मनुष्य बनो तब तो साधु बनोगे। प्रसिद्ध संत प्रेमानंद जी महाराज के पास एक श्रद्धालु पीठ दर्द का इलाज पूछने गया तो उन्होंने कहा कि पीठ दर्द है तो डॉक्टर के पास जाओ, इसमें बाबा क्या करेगा? यही सत्यता है। पहले पुरुषार्थ से बल, धन, शक्ति की प्राप्ति, संग्रह और फिर श्रद्धा, जिज्ञासा और विवेक बुद्धि पर आधारित साधना से उनकी निरर्थकता की अनुभूति कर उनका लोक कल्याण के लिए त्याग। परंतु ज्ञान और तप से हीन, कुछ वाचाल कथावाचक अपना उल्लू सीधा करने के लिए श्रद्धालुओं को धर्म के प्रमाणित मार्ग से विचलित कर सीधे मोह माया के त्याग, चमत्कारों से सफलता की बात करके अकर्मण्य बना रहे हैं और अंधविश्वासों में उलझा रहे हैं। दुःख की बात यह है कि इनके कार्यक्रमों में लाखों लोग जा रहे हैं, कुछ टीवी चैनल धर्म के नाम पर चौबीसों घंटे इनकी ऊलजलूल बकवास से हिन्दुओं के मानस में भर रहे हैं। सनातनधर्म के मूल स्वरूप को बचाए रखने के लिए इस चुनौती का सामना करना आज के समय की आवश्यकता है।

## एसडी बर्मन संगीतकारों के संगीतकार

हरदिल अजीज संगीतकार सचिनदेव बर्मन का मधुर संगीत आज भी श्रोताओं को भाव-विभोर करता है. उनके जाने के बाद भी बर्मन दादा के प्रशंसकों के दिल से एक ही आवाज निकलती है- ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना.... यह बर्मन दादा के संगीत का अपना प्रभाव है. दरअसल उससे बाहर कोई संगीत प्रेमी निकलना चाहता भी नहीं है. बर्मन दादा के संगीत को सुनते हुए, ख़ासकर कालजयी फिल्म गाइड का उन्हीं के द्वारा गाया गया गीत वहाँ कौन है तेरा मुसाफिर जाएगा कहाँ यह गीत हर किसी को भी मंत्रमुग्ध तो करता ही है. ख़ासकर सुनने वाले को बुद्धत्व के मार्ग पर ले जाता है. जब तक गीत खत्म हो रहा होता है, तब तक तो आदमी डूब चुका होता है.

सन 1944 में संगीतकार बनने का ख्वाब लेकर बर्मन दादा बंबई आ गए. जहां सबसे पहले उन्हें 1946 में फिल्मिस्तान की फिल्म एट डेज में बतौर संगीतकार काम करने का मौका मिला, लेकिन इस फिल्म के जरिए वे कुछ खास पहचान नहीं बना पाए. कहते हैं संघर्ष से ही प्रतिभा चमक बिखेरती है. वही मुकाम बर्मन दादा का हुआ. 1947 में उनके संगीत से सजी फिल्म दो भाई के पार्श्वगायिका गीता दत्त के गाए गीत मेरा सुंदर सपना बीत गया... की सफलता के बाद वे कुछ हद तक बतौर संगीतकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए. कुछ सालों बाद बर्मन दादा को मायानगरी बंबई की चकाचौंध कुछ जमी नहीं. वो बंबई की आबो हवा में घुटने लगे, शायद वो हसरत मचल रही थी, जो उनको हिन्दी सिनेमा का बर्मन दादा बनाने के लिए बेचैन थी. आखिरकार वे सबकुछ छोड़कर वापस कलकत्ता आ गए. हालांकि उनका मन वहां भी नहीं लगा. बर्मन दादा को बंबई में शोहरत की बुलन्दियों को छूना था. अंततः बर्मन दादा अपने आपको बंबई आने से रोक नहीं पाए.

बर्मन दादा ने ने करीब 3 दशक की अपनी सिनेमाई यात्रा में लगभग 90 फिल्मों के लिए कालजयी संगीत दिया. बर्मन दादा की सिनेमाई यात्रा पर रिसर्च करने पर पता चलता है कि, उन्होंने सबसे ज्यादा काम देव साहब एवं साहिर लुधियानवी साहब के साथ किया. बाद में साहिर साहब से उसूलों की आंच टकराई दोनों दिग्गजों का आत्मसम्मान मचल गया. अंततः दोनों की जोड़ी टूट गई.सन 1949 में फिल्म आजादी की राह पर के लिए उन्होंने पहली बार गीत लिखे, लेकिन प्रसिद्धि उन्हें फिल्म नौजवान, से मिली. नवजवान फिल्म में संगीतकार बर्मन दादा थे.

ठंडी हवाएं, लहरा के आयें रुत है जवां तुमको यहाँ, कैसे बुलाएं ठंडी हवाएं...इस गीत को लिखने के बाद साहिर लुधियानवी नाम का जिक्र लिटरेचर की दुनिया से हटकर थोड़ा सिनेमा, संगीत पर होने लगा . इस गीत पर संगीतकार बर्मन दादा ने शास्त्रीय संगीत पद्धति थाट बिलावल के राग बिहाग एवं रबींद्र संगीत पर संगीत रचा, जो हिन्दी सिनेमा एवं संगीत में मील का पत्थर साबित हुआ. इस फिल्म के गानों की आपार सफलता के बाद बर्मन दादा एवं साहिर दोनों सफलता की गारंटी, के साथ ही दोनों एक दूसरे के पूरक बन गए. बाद में साहिर लुधियानवी ने बाजी, प्यासा, फिर सुबह होगी, कभी कभी जैसे लोकप्रिय फिल्मों के लिए गीत लिखे. विद्वान लोग कहते हैं कि बहुत ज़हीन लोग कम समझ आते हैं क्यों कि उनके अन्दर एक कोने में सिरहन पैदा करने वाली ख़ामोशी होती है, वहीँ एक कोने में असंतुलित कर देने वाला शोर होता है. बर्मन दादा एवं साहिर लुधियानवी दोनों अपनी - अपनी प्रतिभा में पूरा का पूरा अध्याय थे. एक दौर में एस डी बर्मन दादा, साहिर साहब, देव साहब एवं गुरुदत्त साहब आदि के ग्रुप के तौर पर काम करते थे, कहते हैं कि बर्मन दादा एवं साहिर की प्रतिभा का फायदा सबसे ज्यादा देव साहब एवं गुरुदत्त साहब को अपने फ़िल्मों में यादगार संगीत के कारण हुआ. देव साहब एवं गुरुदत्त साहब ने बर्मन दादा की प्रतिभा को खूब सराहा, एवं खूब फायदा कमाया. बर्मन दादा ने 1951 में फिल्म नौजवान के गीत ठंडी हवाएं, लहरा के आए... के जरिए लोगों के दिलों में जगह बनाई. 1951 में ही गुरुदत्त साहब की पहली निर्देशित फिल्म बाजी के गीत तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना दे... में बर्मन दादा और साहिर साहब की जोड़ी ने संगीतप्रेमियों का दिल जीत लिया. देव साहब की फिल्मों के लिए बर्मन दादा ने सदाबहार कालजयी संगीत दिया. उनकी फिल्मों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. बर्मन दादा के नाम के जिक्र के साथ सबसे पहले देव साहब का नाम याद आता है.  बर्मन दादा के पसंदीदा निर्माता-निर्देशकों में देव साहब के अलावा विमल राय, गुरुदत्त साहब, ऋषिकेश मुखर्जी, आदि प्रमुख रहे हैं. बर्मन दादा की फिल्म जगत के किसी कलाकार या गायक के साथ शायद ही अनबन हुई हो, लेकिन 1957 में प्रदर्शित फिल्म पेइंग गेस्ट के गाने चांद फिर निकला... के बाद लता मंगेशकर और उन्होंने एकसाथ काम करना बंद कर दिया. दोनों ने लगभग 5 वर्ष तक एक-दूसरे के साथ काम नहीं किया. बाद में बर्मन दादा के पुत्र आरडी बर्मन (पंचम दा) ने अपने पिता को मनाया, बाद में लता मंगेशकर ने बर्मन दा के संगीत को अपनी आवाज़ दी.

## देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहने वाले व्यक्ति थे लाल बहादुर शास्त्री

> हकीकत में सदस्यों को कुछ कहने सुनने की अपेक्षा उनके ऊपर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता और वे मन ही मन यह दृढ़ निश्चय करते कि अब आगे से उन्हें वैसा करने का मौका नही देता। ऐसे अनेक उदाहरण है। जो लाल बहादुर शास्त्री के स्व -प्रणेता होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। शास्त्री जी अपने वाक् चातुर्य से कर्म क्षेत्र में सदैव ही अपना विशिष्ट प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। उनकी खासियत यह थी कि वह प्रत्येक कार्य वक्त पर करते थे। शास्त्री जी अपने जीवन में नैतिक गुणों पर ज्यादा बल देते थे। कोई भी प्रलोभन उन्हें सही मार्ग से विचलित नहीं कर सका। इस शास्त्री जी का कहना था कि व्यक्ति कहीं भी रहें।

मुकेश तिवारी

जवाहरलाल नेहरू के निधन के पश्चात देश के समक्ष एक चुनौती खड़ी हो गई थी कि अगला प्रधानमंत्री किसे बनाया जाए ऐसे में श्री लाल बहादुर शास्त्री को हिंदुस्तान का दूसरा प्रधानमंत्री बनने पर आम सहमति हो गई उन कठिन परिस्थितियों में जब उन्होंने देश का नेतृत्व संभाला, तो उनकी कार्य कुशलता, समझदारी, धैर्य परिपक्वता आदि बहुत से गुणों से सारा मुल्क भली-भांति अवगत हुआ साथ ही लोगों के सामने यह भी उदाहरण उभर कर आया कि हिंदुस्तान जैसे देश का प्रधानमंत्री एक साधारण घर का व्यक्ति भी हो सकता है।

व्यक्ति कठोर परिश्रम, आत्मावलंबन, आत्मसम्मान, दूरदर्शिता, विनम्रता और सहनशीलता जैसे गुणों के कारण ही महान बनता है। इसके ज्वलंत उदाहरण थे- लालबहादुर शास्त्री

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अकटूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। इनके पिता का नाम मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव और मां का नाम राम दुलारी देवी था। शास्त्री जी के पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। उन्हे लोग मुंशी जी कहकर संबोधित करते थे। शास्त्री जी के बाल्यकाल में ही इनके सिर से इनके पिता का साया उठ गया था। पिता के निधन के पश्चात उनकी मां रामदुलारी देवी अपने पिता हजारीलाल के घर मिर्जापुर आ गई। हालांकि कुछ समय बाद ही शास्त्री के नाना भी चल बसे ऐसी स्थिति में लालबहादुर शास्त्री की परवरिश करने में उनके मौसा मौसी ने उनकी मां की हर तरह से मदद की। इस सबके बावजूद वे उन सुनहरे दिनों से वंचित हो गए जिसके वे हकदार थे। खेलने खाने की उम्र में उन्हें अभावों में जीवन यापन करने पर विवश होना पड़ा। यही अहम् वजह थी कि उनमें स्वावलंबन की प्रवृत्ति बाल्यकाल से भरी हुई थी। वे बाल्यकाल से ही भोजन बनाने। कपड़े साफ करने से लेकर अपना सारा काम स्वयं ही अपने हाथों से करते थे। अभावों ने उन्हें संयमशील, परिश्रमी, कर्मशील, स्वाभिमानी और स्वावलंबी बनाया, जो जीवनपर्यंत उनकी पूंजी रही, लालबहादुर शास्त्री जी में ज्ञान प्राप्ति की इतनी बलवती थी कि उसके आगे अभाव रुपी सारी बाधाएं बोनी हो जाती। पढ़ने की लगन और अभावों के बीच जब अंतर्द्वंद्व छिड़ता तो अभाव ही हमेशा पराजित होता। यह बात इस उदाहरण से स्पष्ट होती है कि जब शास्त्री जी के पास नाविक को देने के लिए पैसे नहीं होते थे। तो वे रामनगर से गंगा नदी को तैरकर पार करके हरिश्चंद्र स्कूल पहुंचते और अपनी कक्षा में सबसे ज्यादा अंकों से उत्तीर्ण होते थे।

आगे चलकर स्वयं के सभी काम अपने हाथ से करना उनकी आदत बन गई थी। वह जेल में होते थे या बाहर अपने कपड़े स्वयं ही धोते थे। प्रधानमंत्री बनने पर भी कभी-कभी वह अपने कमरे की सफाई स्वयं कर लेते थे। नौकर जब तक बिस्तर बछाने के लिए आते तब तक वे स्वयं ही बिछा चुके होते थे। उनकी इस आदत को देखकर यदि कोई उन्हें मना करता तो वे बड़े आदर से कहते भाई। जो आदत बाल्यकाल से बनी है। उसमें क्यों परिवर्तन किया जाए। ईश्वर ने जब हाथ पैर सही सलामत दिए हैं तब दूसरों को कष्ट क्यों दिया जाए। शास्त्री जी ने जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त कर्म की ही उपासना की उन्होंने किसी आवश्यक वस्तुओं की। अभिलाषा कभी नहीं रखी यह उनके व्यक्तित्व कि सबसे बड़ी खासियत थी। शास्त्री जी सदा आत्मसम्मानी को बनाए रखने में भरोसा करते थे।

पाकिस्तान द्वारा भारत पर आक्रमण कर देने पर शास्त्री जी ने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया तथा किसानों को भी उनके बराबर का दर्जा दिया। जय जवान जय किसान का नारा देकर उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों में दोनों को आवश्यक माना। शास्त्री जी सैनिकों को सतत रूप से खाद्य साम्रगी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हफ्ते में स्वयं एक दिन व्रत रखते थे। साथ ही उन्होंने समूचे देशवासियों से भी एक दिन का व्रत रखने की अपील की। इसका सकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि पूरा देश उनसे सहमत होकर एक दिवसीय उपवास रखने लगा और इस तरह उपवास से बचा राशन सीमा पर जूझ रहे जवानों को उपलब्ध होता रहा इसका सकारात्मक प्रभाव शास्त्री जी के जीवन पर यह पड़ा कि उनके हृदय में दीन-हीन। पिछड़े, शोषित तथा उपेक्षित वर्ग के लोगों के लिए करुणा का भाव उमड़ पड़ा था। अभावों ने उन्हें संयमशील, परिश्रमी कर्मशील, स्वाभिमानी व स्वावलंबी बनाया जो मरते दम तक उनकी पूजी रही।

इससे यह बात स्पष्ट होती है कि यदि किसी बात के लिए व्यक्ति दृढ़ संकल्प ले ले तो उसे अपने कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। शास्त्री जी का व्यक्तित्व गलत बातों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सका। प्रायः ऐसा होता है कि हम दूसरों को तो नसीहत देते हैं परंतु स्वयं उस नसीहत का पालन नहीं करते। शास्त्री जी स्वयं कोई कार्य करके। तब दूसरों को नसीहत देते थे। उदाहरणार्थ घर के भीतर टहलते हुए वे पुस्तकों, पेन, पेंसिल, रबर, कपड़ों आदि को यथा स्थान रख देते थे, इससे उनका तात्पर्य मात्र इतना ही था कि घर के अन्य सदस्य यह सीख ले कि वस्तुओं को यथा स्थान पर रखना चाहिए।

हकीकत में सदस्यों को कुछ कहने सुनने की अपेक्षा उनके ऊपर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता और वे मन ही मन यह दृढ़ निश्चय करते कि अब आगे से उन्हें वैसा करने का मौका नही देता। ऐसे अनेक उदाहरण है। जो लाल बहादुर शास्त्री के स्व -प्रणेता होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। शास्त्री जी अपने वाक् चातुर्य से कर्म क्षेत्र में सदैव ही अपना विशिष्ट प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। उनकी खासियत यह थी कि वह प्रत्येक कार्य वक्त पर करते थे। शास्त्री जी अपने जीवन में नैतिक गुणों पर ज्यादा बल देते थे। कोई भी प्रलोभन उन्हें सही मार्ग से विचलित नहीं कर सका। इस शास्त्री जी का कहना था कि व्यक्ति कहीं भी रहें। कितना भी ऊंचा उठ जाए या नीचे गिरे। उसे अपने भीतर के सत्य को नही शास्त्री जी विनम्र व सहनशील व्यक्ति थे। यदि कोई उन्हें कठोर शब्दों में कुछ बोल देता था तो भी वे उस का तत्काल प्रतिकार नहीं करते थे। शास्त्री का खान-पान पूर्णतः शाकाहारी था। भोजन में उन्हें दाल रोटी, सब्जी, चावल पसंद थे। शास्त्री जी का जीवन सादगीपूर्ण था। उनके घर में सिर्फ वही वस्तुएं थी, जो दैनिक जीवन के लिए जरूरी होती है। लालबहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को संजोने में जिन शख्सियतों का प्रभाव था।

## क्यों बनीं गाय महाराष्ट्र की राजमाता

> यह फैसला जारी करते हुए कहा गया कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा,पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई है। हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस फैसले कि लिए बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि देश में मणिपुर की जनता बचे या न बचे लेकिन अब महाराष्ट्र में तो गाय बच ही जाएगी। देश के जिन राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें हैं वे भी आज नहीं तो कल गाय को राजमाता का दर्जा दे ही देंगीं।

राकेश अचल

आप मानें या न मानें लेकिन मुझे ये लग रहा है कि देश के तमाम चौपाये गाय की किस्मत से जल-भुन रहे होंगे,क्योंकि उसे महाराष्ट्र की सरकार ने राजमाता घोषित कर दिया है। राजमाता कहिये या राज्य माता अर्थ एक ही है। ये सम्मान पाने के लिए पुराने सामंतों परिवारों की महिलाएं तरस जाया करतीं थीं। पशुओं में तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कलिकाल में जाकर गाय किसी राज्य की राजमाता बन जाएगी। मैं देश-दुनिया के तमाम चौपाया परिवार की और से गाय को इस सम्मान के लिए दिल से बधाई देता हूँ। गाय देश का सबसे निरीह चौपाया है, लेकिन भारतीय समाज में गाय को माता का दर्जा हासिल है तो एक बड़े हिस्से में उसके मांस को बड़ी लज्जत के साथ भक्षण भी किया जाता है। सनातनी तो गाय की पूंछ पकड़ कर वैतरणी पार करने का यकीन रखते हैं। पहले ये विश्वास मनुष्यों तक सीमित था लेकिन अब सियासत में भी सियासी दल चुनावी वैतरणी पार करने के लिए गाय को ठीक उसी तरह राजमाता बना रहे हैं जैसे की गधे को वक्त पड़ने पर बाप बनाया जाता है। वैसे गाय और गधे की राशि एक ही है किन्तु दोनों के बीच लोई तुलना, कोई बराबरी नहीं है। गाय को माता बनाया जाता है और गधे को बाप। ये सिद्धांत मेरे या आपके नहीं बल्कि भारतीय समाज के हैं। ये मानयताएं भी सनातन ही समझिये। जबसे मनुष्य ने गाय और गधे को अपना सहचर बनाया है शायद तभी से ये मान्यताएं, ये कहावतें समाज में प्रचलित हैं। अब यदि ये प्रचलित हैं तो निश्चित ही इनका कोई आधार भी रहा होगा। फ़िलहाल बात गाय की हो रही है।गाय और गधे में केवल एक ही समानता है की दोनों बड़े ही धैर्यवान हैं। हालाँकि दोनों को लात मारना आता है। गाय पर हमारे पुरखा पत्रकार स्वर्गीय राजेंद्र माथुर ने भी लिखा और साथी गिरीश पंकज ने भी। महात्मा गाँधी ने गाय के बजाय बकरी को प्राथमिकता दी ,लेकिन उनकी कांग्रेस ने गाय को ही नहीं उसके बछड़े को और उसके पति बैल को भी सम्मान दिय। एक जमाना था जब कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी होता था और बाद में ये गाय-बछड़ा भी बना। इस सात्विक चौपाये ने कांग्रेस की हमेशा मदद की। कांग्रेस को अनेक बार चुनावी वैतरणी पार करायीं। कांग्रेस को हुए फायदे को देखकर अब महाराष्ट्र सरकार ने गाय को अपने सूबे की राजमाता घोषित कर दिया। महाराष्ट्रा में इस मर्तबा भाजपा की हालत पतली है। नबंवर में वहां विधानसभा के चुनाव होना हैं। ये चुनाव केवल कमल दिखाकर जीते नहीं जा सकते । किसी चेहरे को दिखाकर भी बात बनती नहीं दिखाई दे रही है ,ऐसे में गाय ही भाजपा और उसकी गठबंधन सरकार का एक मात्र सहारा है।

गाय सबका सहारा होती है। जब हम सब छात्र हुया करते थे तब गाय हमारा भी सहारा थी। परीक्षा में हर बार गाय पर निबंध लिखने का विकल्प होता था और हम बच्चे किसी और विषय पर निबंध लिखने के बजाय गाय पर निबंध लिखना पसंद करते थे। गाय केवल एक पशु ही नहीं बल्कि हमारी मान्यता भी है । हमारे समाज में गाय को सबसे सीधा चौपाया माना जाता है। उसके इसी स्वभाव की वजह से कहावत तक बन गयी। हमारे यहां अक्सर सीधे पुरुष और महिला को गाय ही कहा जाता है । कृषि प्रधान देश में एक जमाने में गाय को सचमुच राजमाताओं जैसा सम्मान मिलता था, क्योंकि वे कृषि के लिए बैल जनती थीं। उस जमाने में जिस किसान के घर जितनी ज्यादा गायें और जितनी ज्यादा बैल जोड़ियां होतीं थीं,उसे उतना समृद्ध माना जाता था। घर-घर में गौशालाएं थीं। तब गायों को सड़कों पर गलियों में आवारगी करने की न छूट थी और न मजबूरी।

कालांतर में भारत कृषि प्रधान देश तो है किन्तु आज न किसानों का सम्मान है और न गायों का। अब खेती बैलों की जोड़ियों से नहीं मशीनों से होती है । बैलों की जगह ट्रेक्टरों ने ले ली है। कटाई मजदूरों के पेट पर हार्वेस्टर लात मार चुके हैं। ऐसे में गायों और बैलों का बेरोजगार और महत्वहीन होना स्वाभाविक है। अब गाय और बैल पाले कौन ? आज कि समय में तो आदमी के लिए अपना पेट पालना ही मुश्किल हो रहा है । 85 करोड़ लोग पेट पालने कि लिए सरकार पर निर्भर हैं। सरकार अपने वोटर पाले या गाय ? यहां तक कि गाय को राजमाता का सम्मान देने वाले भाजपा के कार्यकर्ता और नेता तक गाय या बैल नहीं पालते । उन्हें या तो आवारगी के लिए सड़कों पर छोड़ दिया जाता है ,या वे कत्लगाहों के काम आते है। जहाँ उनके मांस को डिब्बों में बंद कर बाजारों में बेच दिया जाता है। आप हैरान होंगे कि गाय-बैल का मांस बेचने वाले विधर्मी नहीं बल्कि सनातन धर्म के मानने वाले ही हैं। महाराष्ट्र सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दे दिया है। यह बड़ा कदम चुनाव से पहले उठाया गया है। सरकार ने कैबिनेट बैठक में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता रही है।

यह फैसला जारी करते हुए कहा गया कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा,पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई है। हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस फैसले कि लिए बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि देश में मणिपुर की जनता बचे या न बचे लेकिन अब महाराष्ट्र में तो गाय बच ही जाएगी । देश के जिन राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें हैं वे भी आज नहीं तो कल गाय को राजमाता का दर्जा दे ही देंगीं। भारत को कोई भी नागरिक,कोई भी मतदाता गाय को दिए गए इस सम्मान का विरोध नहीं कर सकता। करना भी नहीं चाहिए । आखिर गौशालाओं कि नाम पर पलने वाले नेता और बाबा भी तो बहुत हैं। देश भले ही मंगल ग्रह पर पहुंच गया हो लेकिन विकास की हकीकत ये है कि आज भी सड़क परिवहन का एक बड़ा भाग आज भी बैलगाड़ी पर निर्भर है। देहाती ईंधन का अधिकांश भाग तथा शहरी ईंधन का लगभग 20 प्रतिशत भाग गोबर का होता है। गौ-दुग्ध में समस्त पोषक तत्व पाए जाते हैं। हरिजनों, पिछड़े वर्ग के लोगों और वनवासियों की आय का साधन भी गौ-वंश है।

## समय की बलिहारी- अपनी उपेक्षा के प्रति चिंतित संघ...?

ओमप्रकाश मेहता

एक तरफ शताब्दी वर्ष के दौर की खुशी तो दूसरी ओर उपेक्षा का गम, आज इसी दौर से गुजर रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज उसकी सबसे बड़ी चिंता यही है, उसकी सोच है कि आजादी के बाद से अब तक सर्वाधिक काल तक कांग्रेस सत्ता में रही, किंतु उस दौर में भी उसकी (संघ की) केंद्रीय सत्ता द्वारा इतनी उपेक्षा नही हुई, जितनी की आज भाजपा के शासनकाल में हो रही है। पिछले साल लगभग इन्हीं दिनों महाराष्ट्र के पूणे में संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक हुई थी, जिसमें भाजपा की चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई थी जिसमें संघ की उपेक्षा के गंभीर आरोप लगे थे, इसके बाद इसी साल केरल में आयोजित संघ की समन्वय बैठक में भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्ड़ा का अचानक पहुंचना और वहां यह प्रकट करना कि संघ भाजपा को अपने अधीन न समझे, भाजपा का संघ से समान विचारधारा के अतिरिक्त कोई रिश्ता नही है, यह स्पष्ट करता है कि देश पर राज कर रही भाजपा संघ को अपना संरक्षक नही मानता। इन्हीं दो प्रसंगों ने संघ की चिंता बढ़ा दी हे, यद्यपि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अब तक इन दोनों घटनाक्रमों के संदर्भ में कुछ नही कहा है, किंतु वे चिंतित अवश्य है और अपने संघ के भावी अस्तित्व के प्रति गंभीर भी। अब इस स्थिति में यह भी संभव है कि संघ प्रमुख भागवत जी स्वयं अपने अस्तित्व की चुनौति को स्वीकार लें और अपने ही स्तर पर संघ को हर दृष्टि से मजबूत और आदर्श संगठन बनाने की ठान ले, इस घटना के बाद संघ प्रमुख की अपनी राष्ट्रव्यापी शाखाओं के प्रति बढ़ी सक्रीयता तो यही संदेश दे रही है, अब उन्होंने देश के सभी राज्यों के संघ प्रमुखों से जीवंत सम्बंध बनाए रखने तथा समय-समय पर उनसे चर्चा करते रहने का भी निश्चय कर लिया है, इसलिए अब संघ ने भाजपा शासित राज्यों में भी अपनी सक्रीयता बढ़ा दी है तथा वह अब अपने अस्तित्व की रक्षा में पूरी तरह जुट गया है।

संघ की इस सक्रीयता से भाजपा तथा केन्द्र की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है, इसलिए राज्यों के भाजपा प्रमुखों के केंद्रीय संगठन से गोपनीय आदेश जारी किए गए है, जिनमें संघ की दैनंदिनी गतिविधियों पर तीखी नजर रखने को कहा गया है, अर्थात् अब संघ और भाजपा दोनों की ही एक-दूसरे पर तीखी नजर है।

आज संघ की सबसे बड़ी और अहम् शिकायत ही यही है कि आजादी से अब तक के पचहत्तर वर्षों के कार्यकाल में अधिकांश समय कांग्रेस ही सत्ता में रही किंतु कांग्रेस के शासनकाल में भी संघ की इतनी उपेक्षा नही की गई, जितनी पिछले एक दशक से केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही है, अटल-आडवानी जी के राज में भी संघ का निर्णायक अस्तित्व कायम था, जो आज नजर नही आ रहा है और फिर संघ की केरल बैठक में जाकर भाजपाध्यक्ष का दो टूक कथन अपने आपमें भाजपा संघ के रिश्तों के लिए काफी महत्व रखता है।

आज संघ में हर स्तर पर यही बिन्दू विशेष मंथन का विषय बना हुआ है और संघ तथा भाजपा के भावी सम्बंधों पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा रकता है, इसी संभावना को दृष्टिगत रखते हुए दोनों ही संगठनों ने अपने-अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए एक-दूसरे से सम्बंधों पर गंभीर चिंतन शुरू कर दिया है, भाजपा ने जहां अपने शासित राज्यों में संघ की गतिविधियों पर तीखी नजर रखना शुरू कर दिया है, वही संघ ने और अधिक शाखाओं में वृद्धि कर इसे पूरे राष्ट्र में हर स्तर पर कायमी कर उन्हें सक्रिय करने का फैसला लिया है, ऐसी स्थिति में यदि यह माना जाए कि देश में भाजपा व संघ पृथक संगठन बन गए है, तो कतई गलत नही होगा, क्योंकि भाजपा जहां सत्ता के मद में है तो संघ अपना पुरातन वजूद कायम रखने की चिंता में। अब इस स्थिति का परिणाम क्या होगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु भाजपा व संघ के बुजूर्ग वर्ग इस स्थिति को लेकर चिंता मग्न अवश्य है।

# इजरायली सेना ने लेबनान में किया ग्राउंड ऑपरेशन शुरू, निशाने पर हिजबुल्लाह के ठिकाने



जेरुसलम(ईएमएस)। इजरायल ने कहा है कि वह तब तक हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखेगा, जब तक कि लेबनान बॉर्डर का इलाका परिवारों के रहने के लिए सुरक्षित नहीं हो जाता। वहीं, हिजबुल्लाह ने भी वादा किया है कि वह लगातार रॉकेट बरसाता रहेगा। हिजबुल्लाह ने सोमवार को ऐलान किया था कि भले ही नसरल्लाह समेत उसके अन्य शीर्ष नेता मारे जा चुके हैं, लेकिन वह लड़ाई से पीछे नहीं हटेगा। इसी बीच इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को जारी एक बयान में इजरायली सेना ने बताया कि उसने लिमिटेड ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर दिया है। लेबनानी आतंकी संगठन के खिलाफ यह एक नया मोर्चा है। आईडीएफ ने बताया कि वह इजरायली सीमा के करीब स्थित हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बना रहा है। इस दौरान एयरफोर्स और आर्टिलियरी यूनिट्स थलसेना की मदद कर रही हैं। उसने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि यह ऑपरेशन कितना लंबा चलेगा। हालांकि यह जरूर बताया कि इसके लिए तैयारी और ट्रेनिंग महीनों से चल रही थी।

इजरायली सेना के बयान के मुताबिक जिन ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है, वह उनके देश की सीमा से लगे गांवों में बने हैं। यह उत्तरी इजरायल में रहने वाले देशवासियों के लिए तात्कालिक खतरा हैं। यह हमले राजनीतिक मुहर लगने के बाद शुरू किए गए हैं और इन्हें हिजबुल्लाह के खिलाफ अगले स्तर का युद्ध बताया गया है। इससे पहले अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि इजरायल ने हिजबुल्लाह ने एक छोटे स्तर का जमीनी हमला शुरू किया है। स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि इजरायल ने अमेरिका को इस बात की सूचना दी है। इसमें बताया गया था कि यह अभियान सीमा पर हिजबुल्लाह के संसाधनों को खत्म करने के लिए चलाया जा रहा है।

इजरायल द्वारा तीन बिल्डिंग्स को खाली करने के आदेश के बाद लेबनान की राजधानी बेरुत और दक्षिणी उपनगरों में हवाई हमलों की गूंज सुनी जा रही है। हर तरफ धुएं का गुबार सा उठ रहा है। माना जाता है कि इन इलाकों हिजबुल्लाह पकड़ बेहद मजबूत है। हालांकि इजरायली सेना और हिजबुल्लाह आतंकियों के बीच जमीनी मुठभेड़ की कोई खबर नहीं है। इजरायल और हिजबुल्लाह ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही एक-दूसरे पर जमकर जवाबी गोलीबारी की है। इसके चलते इजरायल और लेबनान में बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हुए हैं।इजरायल ने कहा है कि वह तब तक हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखेगा, जब तक कि लेबनान बॉर्डर का इलाका परिवारों के रहने के लिए सुरक्षित नहीं हो जाता। वहीं, हिजबुल्लाह ने भी वादा किया है कि वह लगातार रॉकेट बरसाता रहेगा। हिजबुल्लाह ने सोमवार को ऐलान किया था कि भले ही नसरल्लाह समेत उसके अन्य शीर्ष नेता मारे जा चुके हैं, लेकिन वह लड़ाई से पीछे नहीं हटेगा। हिजबुल्लाह के कार्यकारी लीडर नईम कासिम ने पहले ही कहा है कि हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह, आंदोलन के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली काराकी, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के वरिष्ठ कमांडर अब्बास निलफोरुशान और नसरल्लाह के गार्ड के सैनिक इजरायली हमले में मारे गए।

### इजराइल बम बरसाकर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकता, हम भी देंगे जवाब

लेबनान की सीमा पर इजराइली सेना की हालिया कार्रवाइयों से हिज्बुल्लाह पर दबाव बढ़ गया है। हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद हिज्बुल्लाह की प्रतिक्रिया का इंतजार था। इस बीच हिज्बुल्लाह के डिप्टी लीडर शेख नईम कासिम ने बयान जारी किया है जिसमें उसने इजराइली हमलों का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है।

कासिम ने कहा कि यदि इजराइल उनकी सरजमीं में दाखिल होता है, तो हिज्बुल्लाह उसका सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हम उसको जवाब जरुर देंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि संगठन नागरिकों और कमांडर्स की मौत के बावजूद झुकने वाला नहीं। उनका कहना था कि हम गाजा का समर्थन करना जारी रखेंगे और अपने लोगों की रक्षा करेंगे। कासिम के बयान से यह साफ हो गया है कि हिज्बुल्लाह अपनी सैन्य क्षमता में कोई कमी नहीं आने देना चाहता। उन्होंने कहा कि संगठन नसरल्लाह के मार्ग पर ही चलेगा और इजराइल से मुकाबला करने का विश्वास जताता है जैसे कि 2006 में हुआ था।

कासिम ने इजराइली आक्रमणों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इजराइली सेना ने लेबनान के गांवों और रिहाइशी इलाकों को निशाना बनाया है, जिसमें निर्दोष नागरिकों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इजराइल यदि सोचता है कि वह बम बरसाकर अपने मंसूबों में कामयाब हो जाएगा, तो वह भ्रम में है। कासिम ने यह भी कहा कि हिज्बुल्लाह के नए नेता का चुनाव जल्द ही किया जाएगा, जिससे संगठन की स्थिरता बनी रहेगी। उन्होंने यह तय किया कि हिज्बुल्लाह इजराइल के हमलों का जवाब देने के लिए तैयार है और इसे एक लंबे संघर्ष के रूप में देखा जा सकता है।

हाल के घटनाक्रमों ने लेबनान और इजराइल के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। हिज्बुल्लाह की तैयारी और इजराइली आक्रामकता के बीच, क्षेत्रीय स्थिरता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस नए मोड़ पर हिज्बुल्लाह के कार्यों पर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह सुरक्षा और राजनीति दोनों के लिए महत्वपूर्ण परिणाम ला सकता है।

### वेस्ट बैंक और गाजा...ग्रेटर इजरायल बनाने में जुटे नेतन्याहू

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान दो नक्शे दिखाकर वैश्विक स्तर पर विवाद खड़ा कर दिया। इसमें से एक नक्शा 1948 की स्थिति को दिखाता है, इसमें इजरायल को मध्य पूर्व में अकेला दिखाया गया है, जबकि दूसरा नक्शा 2023 की वर्तमान स्थिति को दिखाता है, जिसमें इजरायल के साथ सात अन्य देशों को एक साथ दिखाया गया है, जिसमें सऊदी अरब भी शामिल है। भाषण के बाद कई आलोचकों ने नेतन्याहू पर आरोप लगाया है कि उन्होंने नक्शे में फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक और गाजा को इजरायल का हिस्सा दिखाकर पूरी दुनिया को गुमराह किया है। जर्मनी में फिलिस्तीनी अथॉरिटी के प्रतिनिधि लैथ अराफे ने कहा कि नेतन्याहू ने इस नक्शे के द्वारा फिलिस्तीन और उसके लोगों को नकार दिया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मूलभूत सिद्धांतों का अपमान करार दिया। इस मामले में अन्य कई नेताओं ने भी नेतन्याहू के नक्शे को भ्रामक बताकर आलोचना की है।

ग्रेटर इजरायल की अवधारणा, इस जायनिज्म के पिता थियोडोर हर्जल द्वारा विकसित किया गया था, के अनुसार यह क्षेत्र मिस्र से फरात नदी तक फैला होगा। इसमें पूरा फिलिस्तीन, दक्षिणी लेबनान, सीरिया के गोलान हाइट्स, जॉर्डन और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। योजना का सीधा मतलब है कि इजरायल के क्षेत्र में फिलिस्तीनी क्षेत्रों को पूरी तरह से अपने अधीन करना। विश्लेषकों का मानना है कि नेतन्याहू इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए गाजा और लेबनान में सैन्य कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में हिजबुल्लाह के प्रमुख नसरल्लाह की हत्या का आदेश दिया, जिसके बाद इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमले किए हैं।

इस स्थिति ने वैश्विक राजनीति में तनाव को बढ़ाया है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस तरह के प्रयासों पर प्रतिक्रिया देने के लिए तत्पर रहेगा। नेतन्याहू के इन कदमों के पीछे उनकी सरकार का उद्देश्य न केवल हिजबुल्लाह और हमास को कमजोर करना है, बल्कि पूरे क्षेत्र में इजरायल का प्रभाव बढ़ाना भी है। जैसे-जैसे घटनाएँ विकसित होती हैं, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस विवाद का वैश्विक राजनीति पर क्या असर पड़ता है और किस प्रकार का प्रतिरोध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिलता है।

# ईरान और इजरायल के बीच बढ़ी तनातनी, सुरक्षा एजेंसी सतर्क

तेल अवीव(ईएमएस)। हमास चीफ इस्माइल हानिया और हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद ईरान बदले की आग में जल रहा है। दोनों ही देशों के बीच हालात बेहद खराब हैं। माना जा रहा है कि ईरान कभी भी हमला कर सकता है। इसके लिए इजरायली सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से एतिहात बरत रहीं हैं। इजरायल ने अपनी सुरक्षा को मजबूत करते हुए ईरान और हिजबुल्लाह के खिलाफ कई हमले किए हैं, जिसमें हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को मार गिराया गया था। इस हमले के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ गया है, और ईरान बदले की तैयारी में जुटा है। इजरायल के सुरक्षा अधिकारियों ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी देने का आह्वान किया है। इजरायल और ईरान के बीच यह तनाव मिडिल ईस्ट में बड़े संघर्ष का संकेत दे रहा है, जहां दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ साजिशों और हमलों में लगे हुए हैं।

इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने हाल ही में खुलासा किया है कि ईरान अब इजरायल में कत्लेआम की योजना बना रहा है और इजरायली शीर्ष अधिकारियों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। शिन बेत के अनुसार, ईरान इजरायली नागरिकों को अपने एजेंटों के रूप में भर्ती करने की कोशिश कर रहा है, ताकि वे इजरायल के महत्वपूर्ण अधिकारियों की हत्या कर सकें। इस सिलसिले में 73 वर्षीय इजरायली नागरिक मोती मामन को गिरफ्तार किया गया है, जिसे ईरान ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य प्रमुख अधिकारियों की हत्या में सहायता करने का काम सौंपा था। ईरान की साजिशों को लेकर इजरायली एजेंसी ने हाल के दिनों में कई बड़े खुलासे किए हैं। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान इजरायली नागरिकों को सोशल मीडिया के माध्यम से निशाना बना रहा है। वे उन्हें पैसे का लालच देकर, इजरायल में बम धमाके, पर्चे बांटने और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रलोभन दे रहे हैं। शिन बेत ने चेतावनी दी है कि यह साजिशें इजरायल के भीतर गहरे खतरों का संकेत हैं, और इजरायली नागरिकों को सावधान रहने का अलर्ट जारी किया गया है। हाल ही में ईरान की कई साजिशों को नाकाम किया गया है। इसमें से एक योजना के तहत हिजबुल्लाह ने पिछले साल सितंबर में तेल अवीव के यारकोन पार्क में पूर्व रक्षा मंत्री मोशे यालोन की हत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

# जापान और फिलीपींस हाईअलर्ट पर


टोक्यो(ईएमएस)। जापानी मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दो सुपर टाइफून का आगमन होने वाला है। इनमें से एक, क्रैथॉन, की गति 215 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक होने की संभावना है। लेकिन सबसे अधिक चिंता का विषय जेबी तूफान है, जिसने 100 साल पहले जापान में 195 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तबाही मचाई थी, जब लाखों घर उड़ा दिए गए थे। जापान, फिलीपींस और अन्य देशों ने इस तूफान को लेकर हाईअलर्ट घोषित किया है।

जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इन तूफानों से होने वाली तबाही का अनुमान लगाना मुश्किल है। सोमवार सुबह लगभग 6 बजे, जेबी टाइफून चिचिजिमा से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। जबकि इसकी रफ्तार फिलहाल कम है, लेकिन यह मिनटों में अपनी गति बढ़ा सकता है। जेबी टाइफून को सबसे घातक तूफानों में चौथे स्थान पर रखा जाता है। पिछले 100 वर्षों में जापान में आए छह सबसे बड़े तूफानों में इसका नाम शामिल है, जिन्हें बिग-6 कहा जाता है। नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जेबी टाइफून अपनी स्पीड को जिस तरह से बदलता है, वैसा अन्य कोई तूफान नहीं करता।

# जापान में 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना, संसद का निचला सदन 9 अक्टूबर को भंग कर दिया जाएगा

टोक्यो (ईएमएस)। जापान के भावी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने घोषणा की कि वह 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि संसद का निचला सदन 9 अक्टूबर को भंग कर दिया जाएगा। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा ने कहा कि जनता का जनादेश प्राप्त करने का महत्व बेहद आवश्यक है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार इशिबा ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व चुनाव जीता। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए नए पार्टी प्रमुख के रूप में इशिबा का मंगलवार को प्रधानमंत्री चुना जाना तय है। वह फूमियो किशिदा की जगह लेंगे। इशिबा ने अपनी जीत के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एलडीपी के भीतर विश्वास और एकता के पुनर्निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह एलडीपी को एक ऐसी पार्टी बनाना चाहते हैं जो विनम्र, निष्पक्ष और पारदर्शी हो। यह एलडीपी नेतृत्व के लिए इशिबा की पांचवीं दावेदारी थी, और पिछले कुछ वर्षों में उनकी पहचान रक्षा और कृषि के गहरे ज्ञान रखने वाले अनुभवी नीति विशेषज्ञ के रूप में बनी है। हालांकि, इशिबा के सामने कुछ बड़ी चुनौतियां भी हैं। इनमें एलडीपी में जनता का भरोसा बहाल करना शामिल है, जो स्लश फंड घोटाले के कारण प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, चीन, उत्तर कोरिया और रूस से बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी उनके नेतृत्व का परीक्षण होगा। इसी बीच मुख्य विपक्षी दल कांस्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान (सीडीपीजे) ने भी नए नेता के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री योशीहिको नोडा को चुना है। सीडीपीजे संभावित आम चुनाव में अधिक सीटें हासिल करने की कोशिश कर रही है, जिससे वह लंबे समय से प्रभावी एलडीपी को चुनौती दे सके। जापान में नए प्रधानमंत्री अक्सर निचले सदन को जल्दी भंग करने के लिए चुनाव की घोषणा करते हैं, ताकि वे उच्च अनुमोदन रेटिंग का लाभ उठाकर जनता से जनादेश प्राप्त कर सकें और अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ा सकें।

# थाईलैंड में तूफान के बाद 125 पालतू मगरमच्छों की करना पड़ी हत्या



बैंकॉक(ईएमएस)। क्रोकोडाइल एक्स के नाम पहचान बना चुके लाम्फुन में रहने वाले नट्टापक खुमकड़ अपने पाले हुए 125 मगरमच्छों को करंट लगाकर मार दिया। इसके पीछे का कारण ये हैं कि यहां तूफान आया था जिसके कारण उनके फार्म की दीवारे कमजोर हो गई थी। दीवार गिरने वाली थी। दीवार टूटने से मगरमच्छ आसपास के क्षेत्रों में फैल सकते थे, जिससे आम लोगों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। नट्टापक ने फार्म को सुरक्षित करने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई वैकल्पिक स्थान नहीं मिलने के कारण उन्हें इस कठिन कदम पर जाना पड़ा। नट्टापक का कहना था, मेरे परिवार और मैंने इस पर चर्चा की और महसूस किया कि अगर दीवार गिर जाती, तो हम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते थे। उनकी जान बचाने के लिए हमें मगरमच्छों को मारना पड़ा। यह उनके लिए जीवन का सबसे कठिन फैसला था, क्योंकि वह पिछले 17 साल से इन मगरमच्छों का पालन-पोषण कर रहे थे।

इस वर्ष का सबसे शक्तिशाली तूफान टाइफून यागी ने थाईलैंड और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई। थाईलैंड के उत्तरी क्षेत्रों में बाढ़ और भारी बारिश ने हजारों घरों को प्रभावित किया और कम से कम नौ लोगों की जान ले ली। नट्टापक के पास अब भी 500 छोटे मगरमच्छ हैं, जो एक से चार फीट लंबे हैं। थाईलैंड में मगरमच्छ पालन एक लाभदायक व्यवसाय है, और देश में लगभग 1,100 रजिस्टर्ड मगरमच्छ फार्म हैं, जो हर साल 1,700 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार करते हैं। हालांकि, साइमीज मगरमच्छ लुप्तप्राय प्रजाति है, और इनके संरक्षण की आवश्यकता है।

# चीन की बढ़ी म्यांमार में धाक, एफटीसी-2000जी लड़ाकू विमान किए डिलेवर

रंगून,(ईएमएस)। भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में चीन ने फिर अपनी मौजूदगी को मजबूत करते हुए म्यांमार को छह मध्यम श्रेणी के लड़ाकू विमानों की डिलीवरी की है। म्यांमार की सेना इन विमानों का इस्तेमाल विद्रोहियों पर बमबारी के लिए कर सकती है, जबकि हाल के दिनों में जातीय विद्रोहियों ने कई बड़े शहरों को अपने कब्जे में ले लिया है। इस स्थिति के चलते म्यांमार की सेना ने विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिससे बड़ी संख्या में आम नागरिकों को नुकसान पहुंच रहा है।

म्यांमार ने एफटीसी-2000जी विमानों का ऑर्डर 2020 में दिया था। कोविड महामारी और लॉकडाउन के चलते डिलीवरी में देरी हुई। नवंबर 2022 में म्यांमार की सेना को पहले बैच में छह लड़ाकू विमानों की डिलीवरी मिली थी। अगस्त 2023 में दूसरे बैच के विमानों की डिलीवरी के साथ ही पायलटों की ट्रेनिंग भी शुरू हो गई है।

एफटीसी-2000जी एक हल्का मल्टीरोल ट्रेनर/लड़ाकू विमान है, जिसे गुइझोऊ एविएशन इंडस्ट्री कॉरपोरेशन द्वारा डिजाइन किया गया है। यह विमान चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फ़ोर्स और सूडानी सेना के साथ भी सेवा में है। दो सीटों वाला यह जेट फाइटर हमले, प्रशिक्षण, हवाई निगरानी, गश्ती मिशन, टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के लिए प्रयोग किया जाता है। यह तीन टन तक के हथियारों को ले जाने की क्षमता रखता है और मुख्य रूप से ज़मीनी लक्ष्यों पर हवाई हमले करने के लिए डिजाइन किया गया है। विश्लेषकों के मुताबिक एफटीसी-2000जी विमान कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की क्षमता रखता है, लेकिन इसकी अधिकतम ऊंचाई 16 मीटर मीटर है, जो इसे पोर्टेबल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के लिए असुरक्षित बनाता है। चीन का यह कदम म्यांमार की राजनीतिक स्थिरता और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंताओं को जन्म दे रहा है, जबकि विद्रोहियों के खिलाफ म्यांमार की सेना की कार्रवाई जारी है।

# एआई ने बताया ब्रह्मांड एक सिमुलेशन है

लंदन(ईएमएस)। साइंस फिक्शन फिल्म द मैट्रिक्स में इंसान को मशीनों द्वारा बनाए गए एक आभासी संसार में रहने का चित्रण किया गया है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा नियंत्रित एक सिमुलेशन उसके अनुभवों का आधार बनाता है। अब, एक नए अध्ययन में, पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के भौतिकी प्रोफेसर मेल्विन वोपसन ने दावा किया है कि हमारा ब्रह्मांड भी एक ऐसा ही कंप्यूटर सिमुलेशन हो सकता है, और इस अवधारणा का प्रमाण बाइबल में छिपा हो सकता है। वोपसन ने अपनी विचारधारा को प्रस्तुत करते हुए कहा, बाइबल हमें स्पष्ट रूप से बताती है कि हम एक सिमुलेशन में हैं और यह हमें यह भी बताती है कि इसे कौन संचालित कर रहा है। उनका यह दावा न्यू टेस्टामेंट की जोस्पेल ऑफ जॉन से प्रेरित है, जिसमें कहा गया है, शुरुआत में शब्द था, और शब्द ईश्वर के साथ था, और शब्द ईश्वर था।इस कथन का विश्लेषण करते हुए वोपसन ने बताया कि शब्द वास्तव में एक अंतर्निहित कंप्यूटर कोड हो सकता है जो हमारे अस्तित्व और अनुभवों को नियंत्रित करता है।

# ईरानी जासूस इजराइल को पहुंचा रहे खुफिया जानकारीः अहमदीनेजाद

**मोसाद ने ऑपरेशन के तहत घुसपैठ की, परमाणु दस्तावेजों को भी चुराया**

तेहरान,(ईएमएस)। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने हैरान करने वाला कारनामा कर दिखाया है। पूर्व ईरानी राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने खुलासा किया है कि मोसाद ने ईरान की खुफिया एजेंसी के शीर्ष स्तरों पर घुसपैठ की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरान में जासूसों का एक ग्रुप जो इजराइल के लिए काम कर रहा था को मोसाद ने अपने साथ मिला लिया था। ये ईरानी जासूस अब मोसाद के लिए डबल एजेंट के रूप में काम कर रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट में अहमदीनेजाद ने एक दावा किया कि मोसाद ने एक ईरानी खुफिया एजेंसी के प्रमुख के रूप में अपने एक एजेंट को बैठा दिया था, जो सारी जानकारी इजराइल को पहुंचा रहा था। उन्होंने कहा कि मोसाद का यह ऑपरेशन ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में जानकारी चुराने का उद्देश्य था। उन्होंने खुलासा किया कि ईरानी खुफिया मंत्रालय में काउंटर-इजराइल यूनिट का प्रमुख भी एक इजराइली एजेंट था। उन्होंने कहा कि मोसाद ने एक जटिल ऑपरेशन के तहत ईरानी खुफिया सेवाओं में घुसपैठ की, जिसमें महत्वपूर्ण परमाणु दस्तावेजों को चुराना भी शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक अहमदीनेजाद ने बताया कि ईरान की खुफिया एजेंसी में करीब दो दर्जन ईरानी मोसाद के लिए जासूसी का काम कर रहे थे। यह पहली बार नहीं है जब इजराइल की मोसाद ने ईरान के अंदर अपने जासूस बनाए हैं। 2018 में इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की थी कि इजराइल ने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबंधित फाइलों का खजाना प्राप्त किया है। यह अभियान आधी रात को तेहरान में चलाया गया था, जहां मोसाद के एजेंटों ने ईरान के परमाणु हथियारों के विकास का विवरण देने वाले 100,000 से अधिक दस्तावेज चुरा लिए थे। छह घंटे के ऑपरेशन में दो दर्जन से ज्यादा एजेंटों ने दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए गोदाम में तिजोरियों को काटा था। बाद में नेतन्याहू ने इन दस्तावेजों को तेल अवीव में प्रस्तुत किया, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, मोसाद के सफल ऑपरेशनों ने ईरान के लिए सुरक्षा चुनौतियां पैदा की हैं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव को बढ़ा दिया है।



अल्बेनिया में विरोधी दल का एक नेता संसद के बाहर जलती हुई कुर्सियों के पास से निकलते हुए।

# पश्चिम एशिया में तनाव, क्या यह एक और गल्फ वॉर की आहट है?

गाजा पट्टी,(ईएमएस)। इजराइल युद्ध के मोर्चे पर है और सालभर से आसपास के कई हमले झेल रहा है। इजराइल पर फिलिस्तीनी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह, हूती विद्रोही, इराक और सीरिया से ईरान समर्थित मिलिशिया रॉकेट और बम बरसा रहे हैं। ईरान के हमले का भी खतरा इजराइल को सता रहा है। यह जंग खत्म होते नहीं दिख रही है और दुनिया ही नहीं अरब देशों में भी तनाव नजर आ रहा है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजराइल में घुसकर नरसंहार किया तो पलटवार में इजराइली सेना ने हमास की कमर तोड़ दी और गाजा को बारूद का ढेर बना दिया है। हफ्तेभर से लेबनान में दहशत का माहौल है। हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह भी मारा गया है। अब इजराइली डिफेंस फोर्स ने हूती विद्रोहियों पर बम गिराए हैं। हूती, यमन का शिया मिलिशिया ग्रुप है और 2014 से यमन के बड़े हिस्से पर ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोहियों का कब्जा है।

# हमास कमांडर की मौत के बाद यूएन एजेंसी पर लग रहे गंभीर आरोप

बेरुत(ईएमएस)। इजरायल ने जनवरी में आरोप लगाया था कि यूएनआरडब्ल्यूए के 12 कर्मचारी हमास के 7 अक्टूबर वाले हमले में भी शामिल थे। इसके बाद से ही यूएन एजेंसी की जांच करवा रहा है। बता दें कि इजरायल पर हुए हमास के हमले में कम से कम 1200 लोग मारे गए थे और 250 को बंदी बना लिया गया था। आरोपों के बाद यूएनआरडब्लूए को दान देने वाली दर्जनों देशों ने अपने कदम पीछे खींच लिए थे। बाद में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों ने फंडिंग फिर से शुरू कर दी।फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन की एजेंसी ने दावा किया है कि लेबनान में इजरायली हमले में मारा गया हमास का कमांडर यूएन के लिए भी काम करता था। वहीं आतंकी संगठन से संबंध होने की बात पता चलने के बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया था। फतह शरीफ के कनेक्शन के बारे में पता चलने के बाद यूएनआरडब्ल्यूए पर और ज्यादा दबाव पड़ने लगा है। इस साल पहले से ही यूएनआरडब्लूए 80 मिलियन डॉलर के नुकसान में है। आलोचकों का कहना है कि क्या किसी हमास के आतंकी को उसके रैंक से हटा देना ही काफी था।

# रूसी सुखोई-35 लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 के पास गुजरा, बाल-बाल बचे

### अमेरिक बोला- रूसी पायलट का व्यवहार असुरक्षित और गैर पेशेवराना

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और रूस की सेनाओं के बीच तनाव बढ़ रहा है। हाल ही में अमेरिका के अलास्का राज्य के पास समुद्र में एक खतरनाक घटना हुई, जब रूसी सुखोई-35 लड़ाकू विमान अमेरिकी वायुसेना के एफ-16 विमान के पास से गुजरा गया। इस घटना से टकराव का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक एफ-16 विमान रूस के दो टीयू-95 बमवर्षकों का पीछा कर रहे थे, जो अलास्का के पास पहुंच गए थे। इसी दौरान रूसी सुखोई-35 अचानक से एफ-16 विमानों के बीच से निकला। इस नाटकीय घटना का वीडियो अमेरिकी वायुसेना ने साझा किया है, जो पहले काला सागर में हुई एक घटना की तरह दिखाई देती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सुखोई-35 विमान एफ-16 के पास से गुजरते हुए आगे बढ़ता है, जिससे टकराने से बाल-बाल बचा गया। यह घटना 23 सितंबर को घटित हुई थी। अमेरिकी अधिकारियों ने रूसी पायलट के व्यवहार को असुरक्षित और गैर पेशेवराना करार दिया है। अमेरिकी वायुसेना ने बताया कि अमेरिकी विमान उस क्षेत्र में सामान्य गश्त कर रहे थे। अलास्का में अमेरिकी वायुसेना के कमांडर ने इस घटना की निंदा की है, बताया गया कि रूसी विमान अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बने रहे और अमेरिकी या कनाडाई हवाई क्षेत्र में नहीं घुसे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अलास्का में रूस की गतिविधियां सामान्य रूप से होती रहती हैं और इसे हमेशा खतरे के रूप में नहीं देखा जाता है। अमेरिका ने रूसी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक व्यापक रक्षा नेटवर्क स्थापित किया है, जिसमें उपग्रह, ज़मीन आधारित और हवाई रडार और फाइटर जेट शामिल हैं।

यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका और रूस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसमें रूस की वायुसेना और युद्धपोतों ने अलास्का के पास चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। हाल ही में, चीन के युद्धपोत भी रूसी युद्धपोतों के साथ अलास्का के पास पहुंचे गए थे, जिससे यह साफ होता है कि रूस और चीन दोनों ही अमेरिका पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

गाँधी जयंती पर विशेष

# हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी

## महात्मा गांधी और भारत की असली धर्मनिरपेक्षता

**एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था ''यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा। मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी। मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार होगा। मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाए और क्या न खाए, क्या पहने और क्या न पहने।**





एल.एस. हरदेनिया

इस समय सम्पूर्ण देश में इस बात पर बहस जारी है कि सेक्युलरिज्म भारतीय मूल्य है या यूरोपीय है। इस बात पर बहस तमिलनाडू के राज्यपाल द्वारा प्रारंभ की गई। परंतु जिस सेक्युलरिज्म को हम मानते हैं, जिस सेक्युलरिज्म को इस देश की बहुसंख्यक जनता मानती है वह पूरी तरह से भारतीय है। हम सेक्युलरिज्म की इस परिभाषा को मानते हैं जो बापू ने की है। उनका धर्मनिरपेक्षता या सेक्युलरिज्म के प्रति जो विचार था वह ही हमारा विचार है। गाँधीजी की नज़र में धर्मनिरपेक्षता क्या है? उन्होंने अनेक अवसरों पर इसकी परिभाषा की थी। हमारा तमिलनाडू के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गाँधीजी द्वारा परिभाषित सेक्युलरिज्म को स्वीकार करें।

गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार था धर्मनिरपेक्षता। उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि ''यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक हैं और धर्मनिरपेक्ष भी''। उनका उत्तर था ''हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी। मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है। यदि कोई मेरी आस्था पर हमला करेगा तो मैं अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी जान भी दे दूंगा। परंतु यदि मेरे पड़ोस में किसी अन्य धर्म का पालन करने वाला परिवार रहता है और उसकी आस्था पर कोई हमला करता है तो मैं उसकी रक्षा करते हुए भी अपनी जान दे सकता हूं''। यह है गाँधी जी का सेक्युलरिज्म अर्थात भारत का सेक्युलरिज्म।

इस समय हमारे देश में धर्म के आधार पर प्रायः संघर्ष की स्थिति निर्मित हो जाती है। परंतु ऐसी स्थिति में हम तटस्थ हो जाते हैं और मूक दर्शक बनकर खून-खराबा होने देते हैं। यहां तक कि हमारी पुलिस भी तमाशबीन बन जाती है। पिछले 70 वर्षों में हमारे देश में धार्मिक वैमनस्य के कारण हुए दंगों से देश काफी कमजोर हुआ है। गांधीजी ने साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए मैंदानी संघर्ष किया। नौआखली और दिल्ली के दंगों के दौरान उनकी भूमिका इतिहास का हिस्सा बन गई। धार्मिक अल्पसंख्यकां की सुरक्षा और विकास गांधीजी की धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न अंग था।

एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था ''यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगीं तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा। मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी। मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार होगा। मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाए और क्या न खाए, क्या पहने और क्या न पहने। मेरे भारत की सरकार सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबर सुरक्षा देगी और किसी एक धर्म को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी''।



गांधीजी की इच्छा थी कि भारत एक लोकतंत्र बने। उनकी मान्यता थी कि लोकतंत्र में ही धर्मनिरपेक्ष समाज का अस्तित्व हो सकता है। उनके लोकतंत्र में ऐसी राजनीतिक पार्टियों का कोई स्थान नहीं होगा जो संकुचित, स्वार्थों को बढ़ावा दें, जो सिर्फ पैसे की ताकत से सत्ता पर कब्जा करें और जो षड़यंत्र करके सत्ता हथियाएं। लोकतंत्रात्मक समाज में पुलिस और सेना की क्या भूमिका होगी इसके बारे में गांधीजी के स्पष्ट विचार थे। गांधीजी के अनुसार आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए। गांधीजी का कहना था कि ''धार्मिक समरसता के साथ-साथ सभी के सिर पर छांव, सभी को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए। सभी को सुलभता से न्याय प्राप्त होना चाहिए। सभी के बीच सीमेंट के समान एकता रहनी चाहिए। मैं स्वयं इस एकता के लिए सीमेंट की भूमिका अदा करने को तैयार हूं। इस एकता के लिए मैं अपना खून भी दे सकता हूं'' और गांधीजी ने ऐसा किया भी।




नाथूराम गोडसे गांधीजी के इन्हीं विचारों से नाराज था और इसी के चलते उसने बापू की हत्या की और बापू ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने इस समरसता को कायम रखने के लिए सीमेंट का काम किया।

जान ब्रिले, जिन्होंने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि लिखी थी, से पूछा गया कि आपने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि क्यों लिखी? उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि ''मुझे गांधीजी के अभूतपूर्व साहस, उनकी नम्रता, उनकी प्रतिबद्धता, सहनशीलता, उनकी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने की चुंबकीय शक्ति, जिस शक्ति से गांधीजी विभिन्न संस्कृतियों के जीते-जागते प्रतीक जवाहरलाल नेहरू और हठ की हद तक दृढ़ निश्चयी और रूखे व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल को अपनी ओर आकर्षित कर सके।

''उनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी, इसी क्षमता के बलबूते उन्होंने कांग्रेस को, जो शुरू में एक क्लब था, एक ताकतवर संगठन बना दिया। विरोध प्रकट करने के वे ऐसे तरीके निकालते थे जिनकी कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था। नमक सत्याग्रह उनका ऐसा ही एक नायाब तरीका था। दांडी यात्रा के अंत में मुट्ठी भर नमक बनाते हुए उन्होंने यह कहा था कि इसके द्वारा मैंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी है।

# महात्मा गांधी की भारत की आजादी में अहम भूमिका थी

**महात्मा गांधी,** जिनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था, एक महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अहिंसा के पुजारी थे। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। गांधी जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक प्रमुख भूमिका निभाई और उन्हें "राष्ट्रपिता" के रूप में भी सम्मानित किया जाता है।गांधी जी की शिक्षा इंग्लैंड में हुई, जहां से उन्होंने कानून की पढ़ाई की। वकील बनने के बाद वे दक्षिण अफ्रीका गए, जहां उन्होंने भारतीय समुदाय के खिलाफ हो रहे भेदभाव का सामना किया और यहीं से उनके जीवन में सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का बीजारोपण हुआ। दक्षिण अफ्रीका में 21 साल बिताने के बाद, गांधी जी भारत लौटे और ब्रिटिश शासन के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व किया।

महात्मा गाँधी द्वारा किए गए आंदोलन महात्मा गांधी, जिन्हें बापू के नाम से भी जाना जाता है, ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में किए गए विभिन्न आंदोलनों ने न केवल भारत को स्वतंत्रता की दिशा में अग्रसर किया, बल्कि दुनिया को भी अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महात्मा गांधी द्वारा किए गए ये आंदोलन न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्याय हैं, बल्कि वे दुनिया को सत्य और अहिंसा की ताकत का अहसास भी कराते हैं। गांधी जी के नेतृत्व में किए गए ये आंदोलन भारत की स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुए और आज भी उनकी शिक्षाएं और आदर्श मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं।



### यहां महात्मा गांधी द्वारा किए गए प्रमुख आंदोलनों का वर्णन किया गया है

1. चंपारण सत्याग्रह (1917) चंपारण सत्याग्रह महात्मा गांधी द्वारा भारत में किया गया पहला बड़ा आंदोलन था। यह बिहार के चंपारण जिले में हुआ, जहां ब्रिटिश ज़मींदार गरीब किसानों से जबरन नील की खेती करा रहे थे। इस अन्याय का सामना करने के लिए गांधी जी ने सत्याग्रह का मार्ग अपनाया, जिससे ब्रिटिश सरकार को नील की खेती के अत्याचार को समाप्त करने पर मजबूर होना पड़ा। यह आंदोलन भारतीय किसानों की पहली बड़ी जीत थी और गांधी जी के नेतृत्व को पूरे देश ने स्वीकारा।

2. असहयोग आंदोलन (1920-1922) जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद, गांधी जी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन का उद्देश्य ब्रिटिश सरकार की नीतियों का विरोध करना और स्वराज की प्राप्ति करना था। गांधी जी ने लोगों से अपील की कि वे सरकारी नौकरियों, विदेशी वस्त्रों, और ब्रिटिश संस्थानों का बहिष्कार करें। लाखों भारतीयों ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया, जिससे ब्रिटिश सरकार को भारी नुकसान हुआ। हालाँकि, चौरी चौरा कांड के बाद गांधी जी ने इस आंदोलन को वापस ले लिया, लेकिन इसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया।

3. नमक सत्याग्रह (दांडी मार्च, 1930) महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया नमक सत्याग्रह, जिसे दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है, ब्रिटिश सरकार के नमक कर के खिलाफ एक अहिंसक विरोध था। 12 मार्च 1930 को गांधी जी ने साबरमती आश्रम से दांडी गांव तक 24 दिनों का पैदल मार्च किया और वहां समुद्र से नमक बनाकर ब्रिटिश कानून का उल्लंघन किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश शासन की जड़ें हिला दीं और यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बना।


4. दलित आंदोलन (1932) महात्मा गांधी ने दलितों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। 1932 में उन्होंने अखिल भारतीय छुआछूत विरोधी लीग की स्थापना की और छुआछूत विरोधी आंदोलन की शुरुआत की। उनका उद्देश्य समाज से अस्पृश्यता को समाप्त करना और दलितों को समान अधिकार दिलाना था। इसके लिए उन्होंने उपवास और सत्याग्रह का सहारा लिया, जिससे भारतीय समाज में जागरूकता आई और दलितों के उत्थान के लिए कई सुधार किए गए।

5. भारत छोड़ो आंदोलन (1942) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की, जिसका नारा था "करो या मरो"। इस आंदोलन का उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से तत्काल स्वतंत्रता दिलाना था। गांधी जी के इस आह्वान पर पूरे देश में लाखों लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार को समझा दिया कि अब भारतीयों को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता, और इसके बाद ही स्वतंत्रता के लिए अंतिम चरण की तैयारियां शुरू हुईं। भारत की आजादी के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ अनेक आंदोलन लड़े और भारत को आज़ादी दिलाई।गांधी जी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का आयोजन किया गया, जिनमें असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन प्रमुख हैं। उनकी नीतियों में सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, और आत्मनिर्भरता का महत्व था। गांधी जी ने भारतीय समाज को जाति-भेद, छुआछूत, और सामाजिक अन्याय के खिलाफ जागरूक किया और स्वतंत्रता संग्राम को एक नैतिक आधार प्रदान किया। 1947 में भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी गांधी जी ने सामाजिक समरसता और शांति की दिशा में काम जारी रखा। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा उनकी हत्या कर दी गई, लेकिन उनके सिद्धांत और विचारधारा आज भी पूरी दुनिया में प्रेरणा का स्रोत हैं। गांधी जी का जीवन एक ऐसा मार्गदर्शक है, जो मानवता को सत्य, अहिंसा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# शादी के लिए ऐसे निखारें खूबसूरती

हर लड़की की अपनी शादी के दिन खूबसूरत लगने और भीड़ से अलग नजर आने की ख्वाहिश होती है। अधिकांश दुल्हनों के लिए त्वचा व बालों में चमक के साथ कुल मिलाकर खूबसूरत दिखना जरूरी होता है क्योंकि सभी की नजरें उन पर ही रहती हैं।


त्वचा की पहले से ही देखभाल करनी शुरू कर दें, त्वचा को नियमित रूप से गहराई से साफ करने से पिग्मेंटेशन हटाने में मदद मिलती है। सही शैंपू और कंडीशनर के इस्तेमाल से बालों को पोषण मिलता है और इनमें घनापन और चमक आता है। दाग-धब्बों और मंहासों की समस्या से छुटकारा पाने के लिए चिकित्सकीय सलाह ले सकती हैं, पतले बालों या समय पूर्व सफेद होते बालों की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी डमेटॉलजिस्ट से सलाह ले सकती हैं। स्पा लेना बालों और त्वचा दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। यह न सिर्फ आपको आराम और सुकून का अहसास देता है, बल्कि बालों और त्वचा में तुरंत ही एक चमक ले आता है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कौन सा ट्रीटमेंट लिया जाए, यह बात आपकी त्वचा और बालों के प्रकार पर भी निर्भर करती है।



सीधे तेज धूप के संपर्क में आने से आपके बालों और त्वचा को नुकसान पहुंचता है, इससे बचने के लिए हेयर मास्क का इस्तेमाल कर सकती है, यह त्वचा में खो चुके पोषण को वापस लाता है। बाजार में ऐसे शैंपू और कंडीशनर भी उपलब्ध हैं, जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से भी सुरक्षा प्रदान करते हैं। स्किन और हेयर सीरम का इस्तेमाल करना शुरू कर दें, जिससे आपकी त्वचा और बालों को पोषण मिलेगा और चमक आएगी। एलोवेरा जेल चेहरे और बाल दोनों के लिए ही फायदेमंद साबित होता है, यह कई गुणों से समृद्ध होता है, जो पोषण प्रदान करने के साथ ही चमक भी लाता है।

# त्वचा में नई जान ड़ाल देंगे ये 7 घरेलू नुस्खे

**सभी** महिलाएं खूबसूरत त्वचा चाहती हैं और इसके लिए बाजार से कई क्रीम आदि खरीदती हैं पर इसकी जगह आप रसोई में मौजूद सामन का भी इस्तेमाल कर सकती है। इससे आपकी त्वचा भी बेहत होगी और आप रसायनिक क्रीम से होने वाले नुकसान से भी बची रहती हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर , आपकी त्वचा को नरम और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। आप इन्हें घरेलू नुस्खे या होम रेमेडी भी कह सकते हैं।




### दही

ऑयली से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन के लिए दही बेस्ट ऑप्शन है। दो छोटे चम्मच दही से डेली दिन के आखिर में मसाज करें और पानी से धो लें। यह आपकी स्किन को साफ रखेगा। साथ ही, खराब होने से भी बचाएगा।

### टमाटर

जब बात स्किन केयर के लिए नैचुरल सामग्री की होती है, तो ऐसे में टमाटर का नैचुरल क्लींजर पंसदीदा सामग्री है।आधे टमाटर को स्किन पर रब करने से अच्छा और आसान कुछ नहीं हो सकता। यह सिर्फ न आपकी स्किन साफ करेगा बल्कि आपके रोम छिद्र को खोलने, स्किन को लचीला बनाने और टाइट करने में मदद करेगा।

### मुल्तानी मिट्टी

अगर आपकी त्वचा ऑयली है, तो आप मुल्तानी मिट्टी से बने पेस्ट को आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं, जो कि नैचुरल क्ले है, जो काफी लंबे समय से त्वचा को साफ करने और शुद्ध करने में उपयोगी की जाती रही है। स्किन केयर के लिए आयुर्वेद भी इसके फायदों पर ज़ोर देता है। छोटे चम्मच क्ले लें और एक उसमें कपूर पाउडर मिलाएं। पानी से मिलाएं। गीली त्वचा पर मसाज़ करें और यह नैचुरल क्लींजर धो लें।

### पपीता

अगर आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है, तो ओटमील और थोड़े दूध में मैश किया पपीता मिलाकर त्वचा पर रब करें। चेहरे और गर्दन पर लगाने के बाद अच्छे से धो लें। यह सिर्फ आपकी स्किन को साफ नहीं करेगा (पपीते में पॉवरफुल क्लिंसिग अंजाइम होते हैं) बल्कि टैन मिटाने, दाग-धब्बे दूर करने में भी सहायक है।

### स्ट्रॉबेरी

ऑयली से कॉम्बिनेशन स्किन के लिए मैश की हुई स्ट्रॉबेरी मेरा पसंदीदा ऑप्शन है। मेरे मन में इसके लिए एक सॉफ्ट कॉर्नर है, सिर्फ इसलिए नहीं कि यह खाने में काफी स्वादिष्ट होती है. स्ट्रॉबेरी में नैचुरल एंजाइम होते हैं, जो कि स्किन के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। तीन से चार स्ट्रॉबेरी को मैश करें और अपनी स्किन पर रब करें और पांच मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद चेहरे को धो दें। यह सिर्फ स्किन को ही सॉफ्ट नहीं करेगा बल्कि त्वचा को ब्राइट बना कर बाहर से विटामिन सी प्रदान करेगा।

नींबू और संतरे का छिलका

अगर आपकी त्वचा ड्राई है और आप अपने कोम छिद्र को साफ कर, उसपर से मिट्टी हटाना चाहते हैं, तो यह मिश्रण आपके लिए बेस्ट साबित हो सकता है। 10 छोटे चम्मच बादाम का तेल, दस छोटे चम्मच जैतून का तेल और नींबू का रस लें और एक बोतल में स्टोर कर लें। इसे इस्तेमाल करने के लिए, एक छोटा चम्मच एक बार में लें और ऑरेंज पील डालें। त्वचा पर आराम से रब करें। आंखों के पास के एरिया में भी रब करें। ऐसा करने से मिट्टी हटेगी और धीरे-धीरे डेड स्किन ऊपर जाएगी।

# अक्टूबर में 6 बदलाव, कॉमर्शियल सिलेंडर 48 रुपए महंगा:पैन कार्ड और सुकन्या समृद्धि योजना के नियम बदले; फ्लाइट टिकट सस्ती हो सकती है

**नई दिल्ली** : 1 अक्टूबर 2024 से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 48 रुपए महंगा हो गया है। दिल्ली में अब ये 1740 रुपए का मिलेगा। वहीं, पीपीएफ और सुकन्या अकाउंट से जुड़े नियमों में बदलाव हुआ है। पैन कार्ड बनवाने से जुड़े नियम भी बदले गए हैं। इसके अलावा एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता हो सकता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को 6,099 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक घटा दिया है।




### अक्टूबर महीने में होने वाले 5 बदलाव

1. कॉमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा: 48 रुपए दाम बढ़े, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 48.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 48.50 रुपए बढ़कर 1740 हो गईं। पहले ये 1691.50 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 48 रुपए बढ़कर 1850.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1802.50 थे। मुंबई में सिलेंडर 1644 रुपए से 48.50 रुपए बढ़कर 1692.50 रुपए का हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1903 रुपए का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 KG वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।

2. एटीएफ 4,567.76 रुपए तक सस्ता: हवाई सफर सस्ता हो सकता है ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने महानगरों में एयर ट्रैफिक फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को घटाया है। इससे हवाई सफर सस्ता हो सकता है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में एटीएफ 5883 रुपए सस्ता होकर 87,597.22 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गया है। वहीं, कोलकाता में एटीएफ 5,687.64 रुपए सस्ता होकर 90,610.80 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया है। मुंबई में एटीएफ 87,432.78 रुपए प्रति किलोलीटर मिल रहा था, ये अब 5,566.65 रुपए सस्ता होकर 81,866.13 में मिलेगा। चेन्नई में एटीएफ के दाम 6,099.89 रुपए घटे हैं। ये अब 90,964.43 रुपए प्रति किलोलीटर में मिल रहा है।

3. पीपीएफ अकाउंट के नियमों में बदलाव: नाबालिगों को अलग ब्याज आज से पीपीएफ अकाउंट से जुड़े नियमों में बदलाव हो गया है। नए नियमों के अनुसार यदि कोई पीपीएफ खाता नाबालिग के नाम पर है तो 18 साल का होने तक पोस्ट ऑफिस सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दर लागू होगी। खाताधारक के 18 साल का होने के बाद ही खाते पर पीपीएफ की मौजूदा ब्याज दर लागू होगी। खाते के मैच्योरिटी पीरियड का कैलकुलेशन उसी तारीख से किया जाएगा। वहीं, अगर किसी के पास एक से ज्यादा पीपीएफ खाते हैं तो एक बेसिक मेन खाते पर ब्याज दर का पेमेंट होगा। अगर मेन खाते में तय निवेश सीमा (1.5 लाख) से कम अमाउंट है तो दूसरे खाते की राशि पहले में मर्ज कर दी जाएगी। इस मर्जर के बाद आपको कुल रकम पर पीपीएफ की ब्याज दर के अनुसार ब्याज दिया जाएगा। हालांकि, दोनों अकाउंट की कुल रकम मिलाकर 1.5 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होगा चाहिए।

4. सुकन्या समृद्धि योजना खाता सिर्फ कानूनी अभिभावक ही अकाउंट खोल सकेंगे केंद्र सरकार द्वारा खासतौर पर बेटियों के लिए संचालित सुकन्या समृद्धि योजना से जुड़ा एक बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत अब से बेटियों के सिर्फ कानूनी अभिभावक ही उनके नाम पर ये अकाउंट खोल सकेंगे और चला सकेंगे। अगर किसी लड़की का सुकन्या अकाउंट ऐसे व्यक्ति के द्वारा खोला गया है, जो उसके लीगल पेरेंट्स नहीं है तो उसे ये खाता लीगल पेरेंट्स को ट्रांसफर करना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में उस अकाउंट को बंद किया जा सकता है।

5. पैन के लिए नियम बदले: आधार नामांकन आईडी का नहीं कर सकेंगे उपयोग अब से इनकम टैक्स भरने या पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार नंबर की जगह आधार नामांकन आईडी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इस बदलाव का उद्देश्य पैन नंबर के दुरुपयोग को रोकना है। इसके साथ ही इससे किसी व्यक्ति के एक से ज्यादा पैन कार्ड बनाने पर भी लगाम लगेगी।

# सोना और सेंसेक्स: निवेश में जारी है मुकाबला, सोने ने दी चुनौती

नई दिल्ली (ईएमएस)। वर्तमान में सोना और सेंसेक्स दोनों में आगे निकलने के लिए दौड़ जारी है। इस समय सोने में तेजी देखी जा रही है, जिससे निवेशकों का उत्साह बढ़ा है क्योंकि सोने ने इस साल जनवरी से अब तक रिटर्न के मामले में बीएसई सेंसेक्स को पीछे छोड़ दिया है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महिनों में सोने में और तेजी देखी जा सकती है। हालांकि, देखा जाए तो एक साल की अवधि में सेंसेक्स ने सोने को काफी हद तक पछाड़ दिया है।

जुलाई में बजट के दौरान सोने पर सीमा शुल्क में कमी के बावजूद निवेशकों की निराशा केवल दो महीने में खुशी में बदल गई। दूसरी ओर जून में लोकसभा चुनाव के दौरान शेयर बाजार में आई गिरावट ने निवेशकों को चिंतित कर दिया था लेकिन इसके बाद सेंसेक्स ने 85,000 के आंकड़े को पार कर लिया है। यह पहली बार है जब सेंसेक्स ने इस उच्चतम स्तर को छुआ है। पिछले पांच सालों में सोने ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। सितंबर 2019 में सोने की कीमत लगभग 38,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो अब बढ़कर करीब 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इस तरह सोने की कीमत में 37,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो कि 97 फीसदी का रिटर्न दर्शाता है। इस दौरान सोने ने हर साल औसतन 15.54 फीसदी रिटर्न दिया, जबकि 2020 में रिटर्न 34 फीसदी तक पहुंचा।

वहीं सेंसेक्स ने इस अवधि में और भी बेहतर प्रदर्शन किया है। सितंबर 2019 में सेंसेक्स 38,800 अंकों पर था, जबकि वर्तमान में यह 85,500 अंक पर पहुंच चुका है। इस प्रकार सेंसेक्स ने 5 साल में 120 फीसदी का रिटर्न दिया, जो सोने के मुकाबले 23 फीसदी अधिक है। सेंसेक्स ने औसतन 19.20 फीसदी रिटर्न दिया, जिसमें सितंबर 2020 में सबसे ज्यादा 58 फीसदी का रिटर्न देखा गया। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स एक लाख के आंकड़े को छू सकता है।

हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि वह भी प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये तक पहुंचने में पीछे नहीं रहेगा। फेड रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती और मिडिल ईस्ट में तनाव को देखते हुए सोने की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। इस प्रकार निवेशकों के लिए दोनों विकल्पों में चुनौतियां और संभावनाएं हैं।

## शेयर बाजार 2 अक्टूबर को बंद रहेगा

मुंबई (ईएमएस)। गांधी जयंती से लेकर क्रिसमस तक कई तरह की छुट्टियां हैं, जिसकी वजह से शेयर बाजार भी बंद रहेंगे। इसी दौरान बीएसई हॉलिडे कैलेंडर लिस्ट 2024 के अनुसार इन तीन महीनों में सिर्फ शेयर बाजार ही नहीं बल्कि इक्विटी डेरिवेटिव और एसएलबी सेगमेंट में भी कोई कारोबार नहीं होगा।

# आईएमएफ दल ऋण समझौते पर श्रीलंका की नई सरकार के साथ करेगा चर्चा

कोलंबो (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का उच्च स्तरीय दल बुधवार को श्रीलंका पहुंचेगा और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके नीत सरकार के साथ नवीनतम आर्थिक सुधारों पर चर्चा करेगा। आईएमएफ ने 24 सितंबर को कहा था कि वह श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके नीत नई सरकार के साथ बातचीत शुरू करेगा। साथ ही वह 48 महीने के कर्ज के तहत जारी आर्थिक सुधारों की तीसरी समीक्षा के समय पर चर्चा करेगा। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे नीत सरकार जुलाई में राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा के समय 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर की तीसरी किस्त जारी करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत कर रही थी। तीसरी समीक्षा के बाद करीब 36 करोड़ अमरीकी डॉलर के वितरण की उम्मीद थी, जिसे आईएमएफ ने चुनाव के अंत तक रोक दिया था। जारी किए गए बयान के मुताबिक एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन नीत एक उच्च स्तरीय दल दो से चार अक्टूबर को कोलंबो की यात्रा करेगा, जहां वह राष्ट्रपति दिसानायके और नए आर्थिक दल से मुलाकात करेगा। साथ ही आईएमएफ द्वारा समर्थित श्रीलंका के आर्थिक कार्यक्रम के तहत नवीनतम आर्थिक वृद्धि तथा आर्थिक सुधारों पर चर्चा करेगा। श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर सरकार के 21 सितंबर को निर्वाचित होने के बाद आईएमएफ के साथ उनकी यह पहली बातचीत होगी। यह बैठक 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा की चौथी किस्त जारी करने के मुद्दे के लिए महत्वपूर्ण होगी। चुनाव के कारण तीसरी समीक्षा और चौथी किस्त को जारी करने से रोक दिया गया था। इससे पहले तीसरी समीक्षा पूरी होने के बाद चौथी किस्त इस साल दिसंबर में जारी करने की योजना थी। आईएमएफ के दौरे से पहले सोमवार को सरकारी नीति निर्माताओं ने कहा कि राष्ट्रीय विमानन कंपनी श्रीलंकन एयरलाइंस के पुनर्गठन की योजना को टाल दिया गया है। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।

## टोयोटा किर्लोस्कर की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की सितंबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 26,847 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता की पिछले साल सितंबर में थोक बिक्री 23,590 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बयान में कहा कि कंपनी ने घरेलू बाजार में 23,802 इकाइयां बेचीं और 3,045 इकाइयों का निर्यात किया। टीकेएम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि त्योहारों के शुरू होने के साथ ही उत्पादों को लेकर पूछताछ बढ़ रही है। यह हमें हमारे पंसदीदा त्योहारों के समय को लेकर आशावान बना रहा है। खासकर हमारे एसयूवी, एमपीवी और छोटी कार खंड में देश भर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने सितंबर महीने में हमारी बिक्री में 90 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है।

## लॉफिंग ज़ोन

डॉक्टर (एक वृद्ध व्यक्ति से ), 'मैं आपको ऐसी दवाई दूंगा कि आप फिर से जवान हो जाएंगे।'

वृद्ध व्यक्ति (हाथ जोड़ते हुए), 'डॉक्टर साहब ऐसा बिल्कुल मत करना, वरना मैं मुसीबत में पड़ जाऊंगा। मेरी पैंशन बंद हो जाएगी।'

□ □ □

'आज मैंने एक भयानक सपना देखा। मैं एक पार्टी मैं गया हूँ। वहां खाने को केक, पेस्ट्री, चॉकलेट, आईसक्रीम और पता नहीं क्या-क्या था।' प्रिंस ने कहा।'

सौरभ नागपाल,'तो फिर?'

प्रिंस 'फिर क्या? कुछ भी खाने से पहले मेरी नींद खुल गई।'

□ □ □

एक बस में एक भिखारी चढ़ा और एक आदमी से भीख मांगने लगा।

आदमी, 'खुले नहीं दस का हैं।'

भिखारी, 'मेरे पास हैं दस के खुले।'

आदमी, 'खुले नहीं हैं यार पाँचों का हैं।'

भिखारी, 'मेरे पास खुले हैं।'

आदमी (झुंझला कर बोला), 'मेरे पास एक फूटी कौड़ी नहीं हैं।'

भिखारी, 'तो टाइम खराब करने की क्या जरूरत थी। पहले ही बोल देता कि स्टाफ का हैं।'


□ □ □

## आज का इतिहास

1823 स्पेन नरेश फर्डीनांड सप्तम ने अपने दुश्मनों को मौत के घाट उतारने का आदेश जारी किया।
1869 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म।
1870 रोम इटली की राजधानी बना।
1904 प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म।
1929 गांधी जी ने नवजीवन कार्यालय की सार्वजनिक न्यास बना दिया।
1934 भारतीय शाही नौसेना का गठन हुआ।
1941 द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी ने मास्को पर जोरदार हमला शुरु किया।
1951 भारतीय जनसंघ की स्थापना डॉ। श्याम प्रसाद मुखर्जी ने की थी।
1952 सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी।
1961 भारतीय जहाजरानी निगम की स्थापना हुई थी।
1971 गांधी सदन जहाँ गांधीजी की हत्या हुई थी राष्ट्र को समर्पित किया गया।
1977 इजरायल ने अमरीका और सोवियत संघ के पश्चिम एशिया सम्मेलन के उद्देश्यों की घोषणा अस्वीकार कर दी।
1983 पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने देश में चुनाव सर्वदलीय आधार पर कराने का निर्देश दिया।
1993 इजरायली सैनिकों ने अधिकृत गाजा पट्टी में छापे के दौरान उग्रवादी गुट हमास के दो कमांडरों को मार डाला।
2000 रूस के राष्ट्रपति ब्वादिमिर पुतिन भारत की राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
2004 नागालैंड में दीमापुर रेल्वे स्टेशन व भीड़वाले इलाके में हुए बम विस्फोटों में 36 मरे व 100 से अधिक घायल।

## दैनिक पंचांग

**2 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.24 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 08.40 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 10.52 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.17 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 17.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.38 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.25 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 22.58 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मेष | 00.28 बजे से |
| | | वृष | 02.08 बजे स |
| | | मिथुन | 04.06 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 184 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 08.43 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 05.27 बजे तदनन्तर कृत्तिका 04.40 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** धृति 11.17 बजे को समाप्त। **करण** बालव 08.43 बजे तदनन्तर कौलव 19.55 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 01' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872028 **जूलियन दिन** 2460493.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 25 **विशेष** योगिनी एकादशी, मासिक कार्तिगाई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | ■ | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | ■ | 16 | | | | 17 | ■ | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | 23 | | 24 |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

**शब्द पहेली - 8145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | वि | ता | ■ | क | या | स | ■ |
| भ | ला | | क | | री | | ही | न |
| र | | म | त | ल | ब | | | ह |
| म | द | द | | क्ष | | फि | तू | र |
| | | भ | क्त | | शी | त | | |
| से | हा | रा | | यं | | र | ज | त |
| ह | | | ज | हा | ल | त | | मी |
| त | ल | | मा | | की | | आ | ज |
| ■ | ब | हा | व | | र | वा | ना | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7687

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 23 | 20 | 10 | ■ | 23 | 25 | 18 | 16 | ■ |
| 12 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 6 | | 19 |
| 19 | | 3 | | ■ | | 5 | | 4 | 16 |
| 11 | 9 | | ■ | | 5 | | 7 | | 32 |
| 32 | | 8 | | 2 | | 7 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 8 | | 2 | | 5 | | 33 |
| 25 | | 3 | | 4 | | ■ | | 5 | 7 |
| 20 | 6 | | 4 | | ■ | | 8 | | 21 |
| 24 | | 6 | | 6 | ■ | 8 | | 3 | 18 |
| ■ | 21 | 12 | 29 | 35 | ■ | 16 | 22 | 19 | ■ |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 7686 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 18 | 26 | 30 | ■ | 11 | 23 | 13 | ■ |
| 26 | 7 | 8 | 9 | 2 | ■ | 3 | 5 | 4 | 12 |
| 23 | 9 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 20 |
| 23 | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | ■ | 4 | 2 | 6 |
| ■ | ■ | ■ | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 34 |
| 32 | 5 | 7 | 2 | 5 | 6 | 7 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | 22 |
| 14 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 8 | 29 |
| 16 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 5 | 23 |
| ■ | 17 | 21 | 13 | ■ | 39 | 27 | 13 | 19 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6631

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | | 4 | 7 | 2 | |
| | 35 | 5 | 31 | | 27 | |
| | 2 | | | 1 | 6 | |
| 1 | 33 | 6 | 32 | | 31 | 2 |
| | 6 | | 1 | 5 | 3 | |
| 4 | 33 | 3 | 30 | | 35 | 6 |
| 7 | | 2 | | | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6630 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 33 | 1 | 25 | 6 | 28 | 2 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 32 | 6 | 35 | 4 | 32 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 33 | 3 | 33 | 7 | 41 | 6 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5991

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | | 38 | | 27 | | 17 | = | 31 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 15 | | 25 | | 17 | = | 42 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 13 | | 1 | | 50 | | 15 | = | 48 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 36 | | 22 | | 0 | | 5 | = | 76 / 19 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5990**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | + | 15 | + | 10 | - | 41 | = | 19 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 35 | - | 10 | + | 39 | - | 40 | = | 24 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | x | ■ | - |
| 1 | x | 25 | + | 50 | - | 45 | = | 30 |
| x | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | + | 26 | - | 30 | + | 5 | = | 21 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | + | 26 | + | 69 | - | 50 | = | 34 / 65 |

## शब्दजाल - 7678

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | म | प | कु | क | या | म | त | ला | नी | क |
| ए | रा | र | ज | इं | डो | ने | ह | क | जं | प |
| क | त | दे | अ | म | न | इ | दि | न | ग | म |
| हि | न | शी | मा | ज | ल | स | वा | प | प | घा |
| न्दू | म | बा | थ | त | न | उ | ना | ख | री | त |
| स्ता | जे | बु | र | रा | द | बी | म | ल | ड़ | सा |
| नी | मा | दे | सो | व | जा | स | स्ता | पी | ख | न |
| रा | दे | श | बा | च | प | जी | ना | ड़ | भ | क |
| ल | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | त |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | अ | ग्नि | व | र्षा | स | म |

शब्दजाल में रवीना टंडन की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

कयामत, एक हिन्दूस्तानी, सोच, अग्निवर्षा, घात, जंग, अजनबी, राजाजी, परदेशी बाबु, दिवाना मस्ताना

**शब्दजाल - 7677 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | श | मु | प | रि | णि | ता | प | न | र | टें |
| था | क्रि | दी | ना | द | मु | सा | फि | र | कां | ल |
| स्तु | के | वा | हे | नि | रा | ना | न | व | टि | गे |
| बी | ट | र | न | शा | वा | जू | क | ले | ज | र |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | चा | गो | ब | हो |
| ब | दु | त | खौ | ग | स | ए | व | चा | वॉ | मु |
| द | प | श्म | न | फ | व | ह | अ | गो | प्ला | न्ना |
| क | र | क | न | क्श | ह | भा | र | चो | आ | भा |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | ई |
| रु | द्रा | क्ष | त | र | त | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सरला बिरला में गांधीजी के आदर्शों की गूंज



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें महात्मा गांधी के शांति, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों को याद किया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें 'वैष्णव जन' गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने नृत्य, कविताएँ और भाषणों के माध्यम से गांधीजी के विचारों को प्रदर्शित किया। सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा 'गांधी दर्पण' नामक एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें गांधीजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया। भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी मार्च, और नई तालीम को प्रमुखता दी गई। प्रदर्शनी में नेल आर्ट और टैटू के स्टॉल भी लगाए गए थे। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को गांधीजी के पदचिह्नों पर चलने और शांति व सद्भावना के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## वन अधिकार पट्टा की मांग को लेकर आयोजित धरना में चौपारण से सैकड़ों लोग हुए शामिल



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण(हजारीबाग): हजारीबाग समाहरणालय परिसर में वन अधिकार पट्टा की मांग को लेकर अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। कंचन ग्राउंड से हजारों की संख्या में लोगों ने जुलूस के रूप में समाहरणालय परिसर की ओर मार्च किया। इस जुलूस का नेतृत्व राजेश मेहता, सुंदर मुंडा, मनोहर मुंडा, चोरदाहा मुखिया अर्चना हेमरोम, ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि मन्नू भगत, और टुन्नू बर्णवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमाशंकर अकेला ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। उपायुक्त की अनुपस्थिति के कारण धरना स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग ने उपस्थित लोगों से मांग पत्र लिया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला, संजय यादव, दिनेश यादव, और अन्य कई स्थानीय नेता शामिल हुए, साथ ही हजारों की संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## 3 अक्टूबर को चूल्हा प्रमुखो को सम्बोधित करेंगे सुदेश महतो



तमाड़ - तमाड प्रखंड क्षेत्र के सालगाडीह इंटर कालेज मैदान मे आगामी दिनांक 03/10/2024 दिन बृहस्पतिवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लगभग 15000 चूल्हा प्रमुखो का सम्मेलन होगा। सम्मेलन का मुख्य अतिथि आजसू पार्टी प्रमुख सह पूर्व उप मुख्यमंत्री माननीय सुदेश कुमार महतो उपस्थित होंगे। जिसकी तैयारी को लेकर जयजा लेने आजसू के वरिष्ठ नेताओं ने कालेज मैदान का निरिक्षण किया।

## तालाब में डूबने से एक युवक की मौत



तमाड़ - तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह बड़ा तालाब में मंगलवार को डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान सारजमडीह निवासी रिंकू सेठ के रूप में किया गया। तमाड़ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बताया जाता है की रिंकू सेठ माता पिता का इकलौता पुत्र था।और नहाने के लिए तालाब गया था। नहाने के क्रम में उसका पैर फिसल गया और गहराई में जा गिरा। साथ में नहाने वाले एक बच्चे ने उसे बचाने का भरकस प्रयास किया। लेकिन विफल रहा। इधर घर में इकलौते पुत्र की मौत की खबर पाकर परिजनों पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।बताते चले की सारजमडीह बड़ा का जीर्णोद्धार वर्ष 2017 में किया गया था। ओर जीर्णोद्धार के बाद से हर वर्ष किसी न किसी व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो रही है।

# बापू के लिए स्वच्छता उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग रहा था - राज्यपाल



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देशन में रांची विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन समारोह मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड राज्य के राज्यपाल महामहिम श्री संतोष कुमार गंगवार जी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" (17 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2024) कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस, महात्मा गांधी जंयती सह सम्मान समारोह आज दिनांक 01 अक्टूबर 2024श को आर्यभट्ट सभागार, राँची विश्वविद्यालय, राँची में 11:30 पूर्वाह्न से आयोजित हुआ। इस भव्य समारोह में महामहिम राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालय का बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में आगमन और झारखण्डी नृत्य से स्वागत एवं स्वच्छता संदेश के गुब्बारे को उड़ाना स्वच्छता के इस व्यापक संदेश को और भी गहराई से कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े तमाम सदस्यों को प्रेरित कर गया। राष्ट्रगान के बाद द्वीप प्रज्वलन एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अतिथियों द्वारा अर्पित किया गया। विश्वविद्यालय पी.एफ.ए. राँची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे भजन प्रस्तुत किया गया। *रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को बरकरार रखना सरकार की नहीं,हमारी भी जिम्मेदारी बनती है। विडम्बना है कि स्वच्छता का सीधा सम्बन्ध हमारी सेहत से होने के बाद भी हमारे समाज में चेतना नहीं आयी। सरकार ने स्वच्छता पर फोकस करना शुरू तो किया है पर अब भी यह सरकारीकरण से बाहर आकर लोगों के लिये जन अभियान का रूप नहीं ले पाया।एक कदम स्वच्छता की ओर यह पंक्ति सभी नागरिकों को स्वच्छ भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने तरीके से योगदान करने के लिए प्रेरित करती है।*

सभी अतिथियों का स्वागत (गांधी टोपी, बुके, गांधी शौल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा) किया गया। रांची विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत आर. यू. में संपन्न कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालय विभागों एवं महाविद्यालयों ने कई कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें सामुदायिक जगहों की साफ सफाई, महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई ,जागरूकता रैली ,निबंध लेखन ,भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन ,पोस्टर निर्माण, वीडियो निर्माण ,रिल मेकिंग, नुक्कड़ नाटक ,क्विज प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम हुए । उन्होंने बताया की सभी ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है स्वयंसेवकों का उत्साह देखने लायक है आज के कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयों ,विश्वविद्यालय विभागों की स्वच्छता रिपोर्ट का विमोचन किया गया। साथ ही आज एक और पुस्तक का विमोचन किया गया जिसके लेखक डॉ दीपक साहू जे एन कॉलेज धुर्वा के शिक्षक हैं ।उनकी का नाम डिजिटल मार्केटिंग है। *महामहिम राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने अपने संदेश में कहा कि बापू के लिए स्वच्छता व्यक्तित्व का एक अभिन्न अंग था; और तो और वे इसे स्वराज्य के लिए अनिवार्य समझते थे। बापू स्वच्छता को व्यक्तिगत के साथ-साथ सामाजिक दायित्व भी मानते थे। उनके अनुसार स्वच्छता का मतलब यह नहीं कि हम अपनी तथा अपने घरों की सफाई करें व कचरा दूसरों के लिए जमा कर दें या पड़ोसी के घर के बाहर फेंक दें ।महामहिम राज्यपाल श्री संतोष गंगवार जी ने रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों की तारीफ करते हुए कहा कि सत्य के अन्वेषक के रूप में, गांधीजी ने बहुत सतर्क जीवनशैली अपनाई और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की। राष्ट्रपिता होने के नाते, उन्होंने महसूस किया कि सफाई का राष्ट्र निर्माण में अपरिहार्य स्थान है और कहा, 'स्वच्छता का स्थान ईश्वर के करीब है'। इसलिए आप सभी स्वयंसेवक और शिक्षक गणों से आग्रह है कि गांधी जी के इस दर्शन को आप सभी अपनाएं।

महामहिम के आशीर्वचनों के उपरांत स्वच्छता ही सेवा अभियान में आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी को 15 दिनों से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके बाद निबंध प्रतियोगिता में आशीष सुरीन, निक्की कुमारी, स्वाति उरांव पुरस्कृत हुए। स्लोगन प्रतियोगिता में अपेक्षा सिंह, नैंसी कुमारी, साईप्रेन बारला को पुरस्कार दिया गया । भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी प्रिया ,खुशनुमा प्रवीण, कुमार शौर्य खलखो ,गुल आफरीन रिजवान को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में उदय कर्मकार, खुशबू कुमारी, अलबेला केरकेट्टा को पुरस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वैदेही वर्मा,ईती अशोक ,स्वीटी बोस ,श्वेता केरकेट्टा ( सभी अंग्रेजी विभाग के) द्वितीय स्थान पर निधि और बिंदिया रही । तृतीय स्थान पर प्रिया कुमारी और आकांक्षा कुमारी रहीं। आज के कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव, राँची विश्वविद्यालय ने कहा कि जिस दिन यह अभियान आधिकारिक रूप से शुरू किया गया, अर्थात 2 अक्टूबर 2014 , वह महात्मा गांधी की 145वीं जयंती थी। और आज महात्मा गांधी की 155वीं जयंती हम मनाने जा रहे हैं इन 10 वर्षों में स्वच्छता के लिए जो उत्साह उत्पन्न हुआ है उसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का भी एक बड़ा योगदान नजर आता है। कार्यक्रम के अंतमें स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम एवं श्रमदान कार्य महामहिम राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा संचालित किया गया।

## सीसीएल में " स्वच्छता ही सेवा " के तहत मुख्यालय परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता मित्रों के लिए एक वित्तीय सहायता जागरूकता शिविर भी आयोजित




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** :सीसीएल मुख्यालय परिसर में एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए, #स्वच्छताहीसेवा पहल के तहत एक व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया

सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया, अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार तथा अन्य महाप्रबंधक ,विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित थे। आज के इस अभियान में बड़ी संख्या मे सीसीएल के स्वच्छता मित्र एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, कैंपस की सफाई की और साथ ही सभी को सफाई की भावना अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

ज्ञात हो कि सफाई अभियान में कचरा हटाना, सामान्य क्षेत्रों की सफाई करना और उचित अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को सुनिश्चित करना शामिल है ।

उपस्थित सभी ने सीसीएल मुख्यालय को एक स्वच्छ और बेहतर कार्य संस्कृति वाला स्थान बनाने के लिए श्रम दान किया ।

श्री सिंह ने सभी स्वच्छता मित्रों का अभिनंदन करते हुए ,सफाई को हर व्यक्ति के लिए एक मूलभूत जिम्मेदारी के रूप में बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में योगदान देता है बल्कि स्वच्छ परिवेश सामुदायिक गर्व की भावना को भी बढ़ाता है। सीएमडी सीसीएल ने स्वच्छता की एक नई प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए कहा कि अब से प्रत्येक माह सीसीएल कैंपस के सबसे स्वच्छ विभाग को पुरस्कृत किया जाएगा। विजेता विभाग निर्धारण के लिए सीसीएल कर्मी महिलाओं की एक कमिटी बनाई जाएगी जिनके रिपोर्ट के आधार पर विजेता विभाग तय किया जाएगा । ज्ञात हो कि कमिटी की सभी महिला सदस्य गैर अधिकारी होगी।


इसी अभियान अंतर्गत स्वच्छता मित्रों के लिए एक वित्तीय सहायता जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया ,जिसमे उन्हे वित्तीय प्रबंधन (बचत करना ,ऋण लेना) एवं अन्य पहलुओं से अवगत कराया गया । सभी को साइबर ठगी से बचाव हेतु भी जागरूक किया गया ।

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुँची राँची महानगर, कार्यकर्ताओं का उमडा जन सैलाब, भब्य स्वागत



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के राँची महानगर पहुँचने पर राँची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा रथ का भरपूर स्वागत किया गया परिवर्तन यात्रा के साथ भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता बाइक जुलूस निकालकर चांदनी चौक से फिरायालाल चौक तक भ्रमण किया ।

रथ से संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री सा रांची सांसद *संजय सेठ* ने कहा अपने पूरे शासनकाल में हेमंत सरकार ने सिर्फ लूटने खतने का काम किया है भाजपा की परिवर्तन रथ यात्रा सकारात्मक दृष्टि से निकली है जिसे झारखंड की जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। मौके पर उपस्थित रांची विधायक *सी पी सिंह* ने कहा की झारखंड की जनता से मिलने वाले समर्थन ने यह साबित कर दिया है की झारखंड में हेमंत सरकार का परिवर्तन अब निश्चित है । रांची महानगर मैं परिवर्तन यात्रा का स्वागत करते हुए रांची महानगर अध्यक्ष *वरुण साहू* ने बताया की जिस तरह हेमंत ने भ्रष्टाचार और कुशल का आतंक फैला रखा है, परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड की जनता ने हेमंत सोरेन सरकार को आईना दिखाने का काम किया है ,जिस तरह से परिवर्तन यात्रा को जनता का प्यार और आशीर्वाद मिला है , निश्चित तौर पर आने वाले चुनाव में हेमंत की दुराचारी सरकार को झारखंड की जनता उखाड़ फेंकने का काम करेगी ।हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता के साथ सिर्फ विश्वास घात किया है , जनता के विश्वास पर खड़ा नहीं उतरने के कारण झारखंड के गांव-गांव की जनता अब पूर्णता सरकार परिवर्तन के मूड में है।




## ओरमांझी अंचल में चल रहा रांची कि रोशनी में काम हुआ बंद,महिलाएं हुई बेरोजगार, विधायक राजेश कच्छप क़ो महिलाओं ने सुनाई अपनी समस्या,सौंपा मांग पत्र



ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी अंचल कार्यालय के समीप स्थापित रांची कि रौशनी में काम करने वाली 15महिलाएं इन दिनों बेरोजगार हो गई हैं, क्योंकि इन लोगों का काम उच्च अधिकारियों के अनदेखी व लापरवाही के कारण बंद हो गई हैं,महिलाओं का रोजगार छिन जाने के बाद महिलाओं के सामने लालन-पालन की समस्याएं उत्पन्न हो गई है,महिला समूह कि दीदियों ने इस संबंध में अधिकारियों से बात की मगर काम नहीं बना तो सोमवार क़ो थक हार कर अपना समस्या सुनाने ओरमांझी प्रखंड महिला कांग्रेस कमेटी कि अध्यक्ष अनीता देवी के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप से मिलने विधायक आवास नामकुम के लापुंग टोली पहुंचे,जहां महिलाओं ने अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए एक लिखित मांग पत्र सौंपा,जिसमें सखी मंडल की दीदियों ने बताया है कि हम लोग 15 महिलाएं औरमांझी प्रखंड के हुटुप गांव के अलग समूह से जुड़ी हुई हैं,सभी महिलाओं को मिलाकर एक समूह का गठन 2018 में किया गया था .एवं तीन महीने के प्रशिक्षण के पश्चात ओरमांझी प्रखंड के अंचल कार्यालय के समीप रांची की रोशनी नामक शाखा की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2018-19 के दिसंबर माह में डीआरडीए रांची के सहयोग से की गई थी, जिसमें हम सभी दीदियाँ सोलर लाइट,असेमिबलंग,मरम्मती पैकेर्जिंग का काम करते थे,हमलोगों का काम अंचल कार्यालय के अंतर्गत 3 साल तक चला, जिसमें हम सभी ने पूरी लगन व निष्ठा के साथ कार्य किया एवं अपने परिवार के लालन पालन में सहयोग किया,किंतु वर्ष 2022 के फरवरी माह से हमारा कार्य उच्च अधिकारियों की अनदेखी एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव के कारण बंद हो गया हैं,समूह के दीदियों के काम बंद होने पर विधायक से उम्मीद हैं कि फिर से रांची की रोशनी में काम चालू की जाये हमलोग आपसे मांग करते है, ताकि महिलाओं का आजीविका पुनः मिल सकेगा. परिवार का लालन पालन सही से हो सके इसके लिए विधायक से पूरी उम्मीद है, विधायक ने महिलाओं को भरोसा दिया है कि फिर से रांची की रोशनी में कर चालू किया जाएगा, इसके लिए मैं अधिकारियों से बात करूंगा, इस दौरान मुख्य रूप से समूह के अध्यक्ष मंजू देवी,सचिव विलास देवी,कोषाध्यक्ष मंजू देवी, निवेदिता देवी, मुहानी देवी, सुमन देवी सरिता देवी संध्या देवी सरिता देवी परमेश्वरी देवी बबिता देवी अंजू देवी,यमुना देवी,प्रतिभा कुमारी पूनम देवी मंजू देवी शामिल थी।

## एकता मंच मैट्रिक परीक्षा के टॉपर छात्राओं को 2अक्टूबर क़ो करेगी सम्मानित

ओरमांझी(मोहसीन आलम):राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के पावन अवसर पर 2 अक्टूबर को एकता मंच चकला ओरमांझी ने मेघा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन बसुआ टोली चकला फुटबॉल ग्राउंड में किया गया हैं,मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि मैट्रिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं द्वितीय स्थान लाने छात्र-छात्राओं को मंच की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में पठन-पाठन को बढ़ावा देना है, छात्र-छात्राओं को सम्मानित के अलावा क्षेत्र के खिलाड़ियों के प्रतिभा को उजागर करने के उद्देश्य से लड़कों एवं लड़कियों का फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया है, यह कार्यक्रम दिन के 1 से शुरू की जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सहितअनेकों गणमान्य अतिथि शामिल रहेंगे ,वहीं मंच के सचिव अब्दुल क्यूम अंसारी ने बताया एकता मंच क्षेत्र में खेलकूद के अलावा शैक्षणिक क्षेत्र में कार्य करती हैं,शैक्षणिक स्तर क़ो बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेघा सामान समारोह का आयोजन किया गया है, इस तरह के प्रोग्राम करने से छात्रों में पढ़ाई लिखाई का रुझान बढ़ेगा,सम्मान समारोह में विद्यालयवार तीन छात्रों का चयन कर स्कूल द्वारा सूची मंच को सौंपा गया है। खेलकूद के लिए मैदान तैयार किया गया हैं, स्वच्छ वातावरण में खेलकूद करने से खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।